हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित
# देश की उपासना
www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org
देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए
dku live &
dkunews24
वर्ष : 03 अंक–255 : जौनपुर, मंगलवार 18 जनवरी 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## 22 जनवरी तक प्रदेश के हर किशोर को लगे कोरोना का टीका : मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश में 18 वर्ष से अधिक उम्र के 94.54 फीसदी लोगों ने टीके की पहली डोज प्राप्त कर ली है, जबकि 60 फीसदी से अधिक आबादी कोविड टीके की दोनों डोज ले चुकी है। प्रदेश में टीकाकरण की यह स्थिति राष्ट्रीय औसत से बेहतर है। विगत दिवस तक 15–17 आयु वर्ग के लगभग 42 फीसदी किशोरों ने टीका कवर प्राप्त कर लिया है और 35 फीसदी पात्र लोगों को प्री–कॉशन डोज भी मिल चुकी है। मुख्यमंत्री योगी ने अफसरों को निर्देश दिया है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि 22 जनवरी तक किशोर वर्ग को तथा 25 जनवरी तक प्रदेश के हर नागरिक को टीके की पहली खुराक जरूर मिल जाए। जिनकी दूसरी डोज बकाया हो, उनकी सूची तैयार कर संपर्क–संवाद बनाएं और टीकाकवर दिलाएं। कोरोना के अब तक के रिकॉर्ड में एक दिन अधिकतम 38 हजार नए केस दर्ज किए गए थे। वहीं इस बार की लहर में एक दिन में अधिकतम 17 हजार केस आए हैं। ओमिक्रोन की तीव्रता और पॉजिटिविटी दर को देखें तो स्पष्ट होता है कि उत्तर प्रदेश में स्थिति नियंत्रण में है। बहुत कम संख्या में लोगों को अस्पताल की जरूरत पड़ रही है। सामान्य मरीज होम आइसोलेशन में रहकर चिकित्सक की सलाह से अपना इलाज कर सकता है। लोगों को इस संबंध में जागरूक किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड की वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए प्रत्येक जिले में कम से कम एक बड़ा अस्पताल डेडिकेटेड कोविड हॉस्पिटल के रूप में आरक्षित किया जाए। इस बारे में जनसामान्य के बीच प्रचार–प्रसार भी होना चाहिए। अन्य अस्पताल नॉन कोविड मरीजों के लिए उपलब्ध रहें। ओपीडी सेवाओं को कोविड प्रोटोकॉल का साथ संचालित रखा जाना चाहिए। 14,803 नए कोरोना संक्रमित मिले प्रदेश में बीते 24 घंटों में 2 लाख 8 हजार 308 कोरोना




टेस्ट किए गए, जिसमें 14,803 नए कोरोना पॉजिविट पाए गए। इसी अवधि में 20,191 लोग उपचारित होकर कोरोना मुक्त भी हुए। वर्तमान में कुल एक्टिव केस की 01 लाख 01 हजार 114 है। इनमें से 99 फीसदी लोग घर पर ही उपचाराधीन हैं। कोविड की नई लहर के बीच प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में पारंपरिक मेले, स्नान पर्व आदि के आयोजन भी हो रहे हैं। यह कोविड प्रबंधन के यूपी मॉडल का ही एक उदाहरण है कि प्रयागराज में विशाल पारंपरिक माघ मेला सकुशल चल रहा है। कहीं से भी संक्रमण के अत्यधिक प्रसार, अथवा अन्य किसी अव्यवस्था की सूचना नहीं है। स्वास्थ्य सम्बन्धी एहतियात बरतते हुए लाखों श्रद्धालु पूजन–अर्चन कर रहे हैं। इसके लिए हमारे स्वास्थ्यकर्मी, स्थानीय प्रशासन व श्रद्धालुगण बधाई के पात्र हैं। सतर्कता–सावधानी का यह क्रम सतत बना रहे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हमारा प्रदेश टेस्टिंग और टीकाकरण में अन्य राज्यों के सापेक्ष प्रथम स्थान पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश में अब तक कोविड टीके की 23 करोड़ 44 लाख 43 हजार से अधिक डोज लगाई जा चुकी है। जबकि 09 करोड़ 67 लाख से अधिक टेस्टिंग हो चुकी है। यह देश के किसी एक राज्य में हुआ सर्वाधिक टेस्टिंग–टीकाकरण है। टीकाकरण की जनपदवार समीक्षा की जाए। कम टीकाकरण वाले जिलों में विशेष प्रयास की जरूरत है।

## शिक्षा मित्रों अनुदेशकों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को चुनाव ड्यूटी में न लगाएं : निर्वाचन आयोग

लखनऊ ब्यूरो : निर्वाचन आयोग ने विधानसभा चुनाव में शिक्षा मित्रों, अनुदेशकों, रोजगार सहायकों, अनुदेशकों, आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को चुनाव ड्यूटी पर लगाने से रोक लगाई है। आयोग के इस आदेश के बाद मतदान दल गठन की लगभग पूरी तैयारी कर चुके जिला निर्वाचन अधिकारियों की परेशानी बढ़ गई है। आयोग ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला को निर्देश दिए हैं कि मंडलीय पूल से प्राप्त कर्मियों का पूरा उपयोग होने के बाद ही शिक्षा मित्रों, अनुदेशकों, रोजगार सहायकों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को चुनाव ड्यूटी पर लगाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि जहां तक संभव हो इन्हें आरक्षित पूल में रखा जाए। खासतौर पर शिक्षा मित्रों को मतदान अधिकारी द्वितीय और अन्य कर्मियों को मतदान अधिकारी तृतीय के रूप में ही नियुक्त करने के निर्देश दिए है। उधर, प्रदेश में कोविड गाइडलाइन के अनुसार मतदान केंद्रों का गठन होने से मतदान केंद्रों की संख्या करीब 11 हजार बढ़ गई है। 1.74 लाख मतदान केंद्रों पर चुनाव ड्यूटी लगाने के लिए पहले ही कर्मचारियों की कमी थी। ऐसे में 1.37 लाख शिक्षा मित्रों, 27 हजार से अधिक अनुदेशकों, 1.90 लाख आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और 35,248 रोजगार सहायकों को चुनाव ड्यूटी से बाहर रखने के निर्देश से मतदान दल गठन में परेशानी होगी। उत्तर प्रदेश दूरस्थ बीटीसी शिक्षक संघ के अध्यक्ष अनिल यादव ने आरोप लगाया है कि निर्वाचन आयोग शिक्षा मित्रों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहा है।

## बेटे को टिकट के बदले रीता बहुगुणा ने की सांसद पद से इस्तीफे की पेशकश

प्रयागराज ब्यूरो : इलाहाबाद की भाजपा सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी के बेटे मयंक जोशी को भाजपा से विधानसभा चुनाव का टिकट मिलने संशय पैदा हो गया है। सूत्रों के अनुसार पार्टी ने साफ कर दिया है कि एक परिवार से एक ही व्यक्ति को टिकट मिलेगा। जिस पर रीता बहुगुणा जोशी ने सांसद पद से इस्तीफे की पेशकश कर दी है। उन्होंने पार्टी नेतृत्व के सामने यह प्रस्ताव रख दिया है कि यदि पार्टी उनके बेटे को लखनऊ से टिकट देती है तो वह सांसद पद से इस्तीफा देने के लिए तैयार हैं। रीता बहुगुणा बेटे के टिकट के लिए किसी भी कुर्बानी के लिए तैयार हैं। इलाहाबाद से भाजपा सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी किसी भी कीमत पर लखनऊ से बेटे मयंक मिश्रा को भाजपा से टिकट दिलाने के लिए नेतृत्व पर दबाव बनाए हुए हैं। वह कई दिनों से दिल्ली में ही अपने आवास पर हैं। इस दौरान वह कोरोना पॉजिटिव भी हो गई हैं। उन्होंने गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत



तमाम पदाधिकारियों से संपर्क किया है। विधानसभा चुनाव के पहले यूपी कैबिनेट के कई मंत्री योगी सरकार से इस्तीफा दे चुके हैं। इसी क्रम में सांसद रीता बहुगुणा जोशी के भी नाराज होने की अटकलें लगाई जा रही थीं। रीता का कहना है कि उनका बेटा 10 साल से अधिक समय से भाजपा में काम कर रहा है और अपनी सक्रिय भागीदारी निभा रहा है। उसको टिकट देने पर पार्टी को विचार करना चाहिए। अगर पार्टी एक परिवार को एक टिकट के सिद्धांत के आधार पर उनके बेटे के नाम पर विचार नहीं करती है तो वह बेटे को टिकट के लिए सांसद पद छोड़ सकती हैं।

## टीईटी के सकुशल आयोजन के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी तय : सीएम योगी ने जारी किए निर्देश

लखनऊ ब्यूरो : योगी सरकार ने 23 जनवरी को होने वाली शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपी–टीईटी : 2021) को नकल विहीन, शांतिपूर्ण व पारदर्शिता से संपन्न कराने के लिए विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए हैं। इसमें अधिकारियों के जिम्मेदारियां तय कर दी गई हैं। सुबह की पाली में टीईटी प्राथमिक स्तर व शाम की पाली में उच्च प्राथमिक स्तर की होगी। गौरतलब है कि प्रश्नपत्र लीक होने के बाद यह परीक्षा दोबारा आयोजित की जा रही है। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने कहा है कि यह परीक्षा जिला स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली समिति तय परीक्षा केंद्रों पर आयोजित कराएगी। प्रत्येक केंद्र पर दो स्टेटिक मजिस्ट्रेट लगाए जाएंगे, जिनकी देखरेख में पूरी परीक्षा होगी। इसी तरह उत्तर पुस्तिकाओं को कोषागार से प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर सुरक्षित पहुंचाने की जिम्मेदारी डीएम द्वारा नामित सेक्टर मजिस्ट्रेट व डीआईओएस की होगी। प्रत्येक पाली के लिए स्टेटिक मजिस्ट्रेट व सेक्टर मजिस्ट्रेट अलग–अलग होंगे। सीएम योगी ने दिए ये आदेश। वहीं योगी आदित्यनाथ ने इस परीक्षा को लेकर कहा है कि, टीईटी के लिए दागी व संदिग्ध छवि वाले संस्थानों को किसी भी हालत में केंद्र न बनाया जाए। इनकी पहले ही जांच कर ली जाए। परीक्षा केंद्र निर्धारण में संस्थान के पिछले रिकॉर्ड को जरूर देखें। सीएम ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हुई बैठक में कहा, आगामी 23 जनवरी को प्रस्तावित शिक्षक पात्रता परीक्षा (टी.ई.टी.) के सुव्यवस्थित आयोजन के संबंध में पुख्ता तैयारियां कर ली जाएं। प्रत्येक केंद्र पर कोविड प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित किया जाए। शिक्षक पात्रता परीक्षा (टी.ई.टी.) परीक्षा केंद्र निर्धारण में संस्थान के पिछले रिकॉर्ड को अवश्य देखा जाए। दागी/संदिग्ध छवि के संस्थानों को परीक्षा केंद्र न बनाया जाए। टी.ई.टी. परीक्षा की शुचिता हेतु एसीएस गृह व एडीजी कानून–व्यवस्था, प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा के साथ सभी जिलाधिकारियों, बेसिक शिक्षा अधिकारियों व परीक्षा से जुड़े अन्य अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संवाद कर व्यवस्थाओं की पड़ताल करें। योगी सरकार ने की है ये तैयारी। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी ने प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर प्रत्येक पाली के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती के निर्देश दिए हैं। इसके अतिरिक्त आवश्यक संख्या में महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती भी करने को कहा है। ये निर्देश समस्त मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों, पुलिस आयुक्तों व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को जारी किए गए हैं। अपर मुख्य सचिव ने प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर प्रश्नपत्र खोले जाने और परीक्षा समाप्त होने के बाद ओएमआर उत्तर पत्रक सील करने की वीडियो रिकार्डिंग कराने के निर्देश दिए हैं। वहीं, शासन की घोषणा के क्रम में परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को परिवहन निगम की बसों और सिटी बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा दी जाएगी। इसके लिए परिवहन निगम के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। कोविड प्रोटोकॉल का कड़ाई से होगा पालन – प्रत्येक केंद्र पर कोविड हेल्पडेस्क बनाया जाएगा। – पर्याप्त संख्या में थर्मल स्कैनर व ऑक्सीमीटर की व्यवस्था की जाएगी। – प्रत्येक परीक्षा कक्ष में हैंड सैनिटाइजर रखे जाएंगे। – अतिरिक्त सर्जिकल मास्क रखा जाए, जिसे अभ्यर्थियों के भूलकर आने पर उपलब्ध कराया जाएगा। – अभ्यर्थियों को उचित दूरी पर बैठाया जाएगा।

## 24 घंटे में 15,622 नए कोरोना संक्रमित मिले : लखनऊ में सीएमओ व एसीएमओ समेत पांच पॉजिटिव

लखनऊ ब्यूरो : यूपी में कोरोना के मामले लगातार बढ़ रहे हैं पर कोविड टीकाकरण और टेस्टिंग में प्रदेश देश में अन्य राज्यों में सबसे आगे है। बीते 24 घंटों में 02 लाख 16 हजार 152 कोरोना टेस्ट किए गए, जिसमें 15,622 नए कोरोना पॉजिविट पाए गए। इसी अवधि में 12,402 लोग उपचारित होकर कोरोना मुक्त भी हुए। वर्तमान में कुल एक्टिव केस की 01 लाख 06 हजार 616 है। इनमें से 01 लाख 02 हजार 211 लोग घर पर ही उपचाराधीन हैं। बहुत कम संख्या में लोगों को अस्पताल की जरूरत पड़ रही है। प्रदेश में अब तक कोविड टीके की 23 करोड़ 15 लाख 37 हजार से अधिक डोज लगाई जा चुकी है। जबकि 09 करोड़ 63 लाख से अधिक टेस्टिंग हो चुकी है। यह देश के किसी एक राज्य में हुआ सर्वाधिक टेस्टिंग–टीकाकरण है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को टीम 9 की बैठक में निर्देश दिया कि आगामी 23 जनवरी को प्रस्तावित शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के सुव्यवस्थित आयोजन के संबंध में पुख्ता तैयारियां कर ली जाएं। कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन हो। हर केंद्र पर मास्क, सैनिटाइजर, इंफ्रारेड थरमामीटर की उपलब्धता होनी चाहिए। परीक्षा केंद्र निर्धारण में संस्थान के पिछले रिकॉर्ड को जरूर देखें। दागी व संदिग्ध छवि वाले संस्थानों को केंद्र कतई न बनाएं। परीक्षा की शुचिता के दृष्टिगत अपर मुख्य सचिव गृह और एडीजी कानून–व्यवस्था, प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा के साथ जिलाधिकारियों, बेसिक शिक्षा अधिकारियों व परीक्षा आयोजन से जुड़े अन्य अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद कर व्यवस्थाओं की पड़ताल करें। योगी ने कहा कि शीतलहर और कोविड को देखते हुए असहाय, निराश्रित लोगों, अकेले रह रहे बुजुर्ग जनों, दिव्यांगजनों पर विशेष ध्यान दिया जाए। रैन बसेरों में समुचित प्रबंध रखे जाएं। पुलिस, राजस्व और नगर विकास और स्वास्थ्य विभाग की टीम इनके समुचित इलाज, भोजन आदि की व्यवस्था जरूर करे। ऐसे व्यक्ति यदि संक्रमित होते हैं तो उनके साथ अतिरिक्त संवेदनशीलता का भाव रखा जाना अपेक्षित है। प्रदेश में 18 वर्ष से अधिक उम्र के 93.90 फीसदी लोगों ने टीके की पहली डोज प्राप्त कर ली है, जबकि 59.20 फीसदी से अधिक लोग कोविड टीके की दोनों डोज ले चुके हैं। विगत दिवस तक 15–17 आयु वर्ग के लगभग 39 फीसदी किशोरों ने टीका कवर प्राप्त कर लिया है और 04 लाख 09 हजार पात्र लोगों को प्री–कॉशन डोज भी मिल चुकी है। यथाशीघ्र सभी पात्र लोगों का वैक्सीनेशन किया जाए। जिनकी दूसरी डोज बकाया हो, उनकी सूची तैयार कर संपर्क–संवाद बनाएं और टीकाकवर दिलाएं। किशोर टीकाकरण में धीमी गति वाले जिलों से संवाद बनाएं। स्कूल व कॉलेजों में कैम्प लगाएं। कहां कितने मिले मरीज लखनऊ में 2716, गौतमबुद्ध नगर में 2154, गाजियाबाद में 1281, मेरठ में 968, वाराणसी में 441, आगरा में 598, मुरादाबाद में 323, कानपुर नगर में 397, मुजफ्फरनगर में 471, गोरखपुर में 296, प्रयागराज में 273, मथुरा में 276, बुलंदशहर में 414, सहारनपुर में 255, बरेली में 207, रामपुर में 260, अलीगढ़ में 209, बिजनौर में 130, रायबरेली में 202, मैनपुरी में 102, बदायूं में 155, हरदोई में 145, अमरोहा में 146, लखीमपुर खीरी में 191, फिरोजाबाद में 172, इटावा में 102 मरीज मिले हैं। अन्य जिलों में 100 से कम मरीज हैं। कोरोना के 261 मरीज मिले, एक्टिव केस 1754 हुए कोरोना वायरस का संक्रमण बेकाबू रफ्तार से झांसी जिले में अपना दायरा बढ़ा रहा है। सोमवार को 3463 नमूनों की जांच में 261 में इस महामारी का संक्रमण पाया गया। इसके साथ ही एक्टिव केस बढ़कर 1754 हो गए हैं। इनमें से 61 मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं, जबकि बाकी होम आइसोलेशन में हैं। अफसरों के संपर्क में आने वाले लोगों की हो रही जांच सीएमओ कार्यालय में भी कोरोना ने अपना पांव पसार लिए हैं। सीएमओ, एडिशनल सीएमओ समेत कई बाबू की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। सभी होम आइसोलेशन में हैं। आरआर टीम कार्यालय के सभी कर्मचारियों की जांच करवा रही है। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल की कोविड रिपोर्ट पॉजिटिव आई है, जबकि इससे पहले एडिशनल सीएमओ डॉ. आरबी सिंह भी पॉजिटिव हो चुके हैं। प्रशासनिक अधिकारी डॉ. अभिलाषा मिश्रा, सीएमओ के स्टाफ की महिला बाबू, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मिलाकर पांच लोग की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। सभी को कोरोना के हल्के लक्षण हैं। खांसी व बुखार आने पर जांच कराई, जो रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। सभी होम आइसोलेशन में हैं। सीएमओ के संपर्क में आने वाले कर्मचारी व अफसर जांच करवा रहे हैं। अफसर–स्टाफ मिलाकर 50 से अधिक संदेह के घेरे में सीएमओ कार्यालय में अफसर–बाबू व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मिलाकर करीब 50 से अधिक लोग कार्यरत हैं। सभी कर्मचारी सीएमओ समेत दूसरे अफसरों के संपर्क में थे। ऐसे में सभी कर्मचारी भी संदेह के घेरे में हैं। सभी की जांच कराई जा रही है। एडिशनल सीएमओ को दिया कार्यभार सीएमओ डॉ. मनोज के पॉजिटिव होने बाद उनकी जगह पर एडिशनल सीएमओ डॉ. आरके चौधरी को कार्यभार सौंपा गया है। सीएमओ के लौटने के बाद वह मूल पद पर वापसी करेंगे। बगैर मास्क 52 यात्रियों का चालान लखनऊ जंक्शन रेलवे स्टेशन पर बगैर मास्क घूमना यात्रियों को भारी पड़ गया। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल की डीआरएम डॉ. मोनिका अग्निहोत्री के निर्देश पर सोमवार को जंक्शन पर ऑपेरशन चक्रव्यूह टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 670 लोग बिना टिकट धरे गए। इसके अलावा 52 यात्री बगैर मास्क पकड़े गए, जिनसे जुर्माना वसूला गया। इस दौरान यात्रियों से संवाद करते हुए 200 मास्क का वितरण किया गया।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बनने के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## जिलाधिकारी द्वारा कोविड–19 टीकाकरण की समीक्षा बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कोविड–19 टीकाकरण की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने डीपीआरओ, डीएसओ, डीसीपीएम को निर्देश दिया कि 18 वर्ष के ऊपर के व्यक्तियों का प्रथम डोज का टीकाकरण शत–प्रतिशत कराने का निर्देश दिया। तथा सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि 20 जनवरी तक द्वितीय डोज का टीकाकरण 75 प्रतिशत करे। उन्होंने डीआईओएस को निर्देशित किया कि स्कूलों में लगने वाले टीकाकरण को शत–प्रतिशत कराकर प्रमाण–पत्र प्राप्त करे, जिन स्कूलों/कालेजों में शतप्रतिशत टीकाकरण नही होगा उन स्कूलों के विरुद्ध कार्यवाही की जाय। कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए 15 से 18 वर्ष के युवाओं का टीकारण अभियान चलाकर कराये। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह ने बताया कि जनपद में 17 जनवरी 2022 को 15 वर्ष के ऊपर के कुल 60912 व्यक्तियों को टीकाकरण किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि पहला और दूसरा डोज शीघ्र लगवाते हुए शत–प्रतिशत टीकाकरण की उपलब्धि हासिल करे। इस अवसर पर समस्त जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## वृद्धावस्था पेंशन योजनान्तर्गत लाभार्थियों जिन्हें पेंशन का हो रहा भुगतान

जौनपुर सू.वि. : जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने अवगत कराया है कि वृद्धावस्था पेंशन योजना के अन्तर्गत चयनित/स्वीकृत लाभार्थी जिन्हें पेंशन का भुगतान हो रहा है, को अनिवार्य रूप से वेक्सीनेटेड कराये जाने का आदेश निर्वाचन आयोग द्वारा जिला मजिस्ट्रेट/जिलाधिकारी को दिया गया है कि जनपद में वृद्धावस्था पेंशन प्राप्त कर रहे समस्त वृद्धजनां को निर्वाचन के पूर्व शत्प्रतिशत् वेक्सीनेटेड करा दिया जाय। तद्क्रम में जनपद के समस्त वृद्धजनों को अवगत कराया जाता है कि जिन्हें वृद्धावस्था पेंशन प्राप्त हो रही वह अपना टीकाकरण निकटतम् सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर उपस्थित होकर कोविड–19 का टीका लगवाये, अन्यथा की स्थिति में उनकी पेंशन की धनराशि बाधित हो जायेगी।

## न्यायालयों के क्रियाशील किए जाने हेतु नवीन दिशा–निर्देश निर्गत

जौनपुर सू.वि. : जनपद न्यायाधीश मदन पाल सिंह द्वारा अवगत कराया गया है कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए 17 जनवरी 2022 से न्यायालयों के क्रियाशील किए जाने हेतु नवीन दिशा–निर्देश निर्गत किए गए हैं, जिसके अंतर्गत अधिकारी 50 प्रतिशत रोस्टर वाइज कार्य करेंगे, महिला ज्यूडिशियल ऑफिसर कर्मचारी जो गर्भवती है, उनको न्यायालय आने से छूट प्रदान किए गए हैं, आवश्यकता पड़ने पर घर से कार्य कर करने की छूट दी गई है। वादकारियों एवम् उनके प्रतिनिधियों को न्यायालय परिसर में प्रवेश से पूर्णतया प्रतिबंधित किया गया है। यदि किसी मामले में जनपद न्यायधीश की पूर्व अनुमति होगी तो विशेष परिस्थितियों अनुमति दी जाएगी। उपरोक्त दिशा–निर्देश 17 जनवरी 2022 से प्रभावी होंगे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनीटरिंग समिति का गठन

जौनपुर सू.वि. : भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनीटरिंग समिति का गठन जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में किया गया है। समिति की बैठक सोमवार को देर सायं उप जिलाधिकारी हिमांशु नागपाल



की अध्यक्षता में कलेक्ट्रट सभागार में संपन्न हुई। निर्वाचन के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा पेड न्यूज संबंधी प्रकरणों पर नजर रखेगी साथ ही ऐसे मामलों में समिति जांच कर राजनीतिक दलों या उम्मीदवार के चुनाव व्यय में जोड़े जाने के लिए नोटिस जारी करेगी। बैठक में समिति के सहयोग के लिए समाचार पत्रों एवं टेलीविजन पर चलने वाली खबरों के अवलोकन के लिए ड्यूटी लगाने पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी आशीष मौर्य, ईडीएम प्रतीक उपाध्याय सहित अन्य उपस्थित रहें।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
योगी न बन सकें तो उपयोगी अवश्य बनें।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# संसद सत्र : भारतीय कृषि की स्थिरता का सवाल

दिल्ली की सीमाओं पर विरोध प्रदर्शन कर रहे किसानों ने हाल ही में उन तीन कृषि कानूनों के खिलाफ अपने विरोध प्रदर्शन को स्थगित कर दिया है, जिनके बारे में मोदी सरकार ने दावा किया था कि इनसे भारत के कृषि क्षेत्र में सुधार होगा। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान इन तीनों कानूनों को निरस्त कर दिया गया।

किसानों की सबसे विवादास्पद मांग उनके कृषि उत्पादों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी देने वाले कानून की मांग है, जो केंद्र सरकार द्वारा चुनिंदा कृषि उत्पादों के लिए घोषित न्यूनतम मूल्य है, जिस पर लेन–देन को किसानों के लिए लाभकारी माना जाता है।

हालांकि इन विवादास्पद कृषि कानूनों के फायदे और नुकसान पर बहुत कुछ कहा गया है, लेकिन भारतीय कृषि को पारिस्थितिक और आर्थिक रूप से टिकाऊ बनाने के लिए जिस दिशा में जाने की जरूरत है, उसके बारे में कम ही चर्चा हुई है।

यह एक महत्वपूर्ण बहस है, सिर्फ इसलिए नहीं कि ये कृषि कानून भारतीय कृषि को आकार देते, बल्कि इसलिए भी कि इन कानूनों के लागू होने के कुछ साल पहले कृषि क्षेत्र में कृषि व्यवसाय प्रेरित विकास की दिशा में बदलाव होना शुरू हो गया था। इन तीन कानूनों का उद्देश्य केवल इस बदलाव की गति को बढ़ाना था।

कृषि क्षेत्र में कृषि व्यवसाय प्रेरित विकास के लिए यह बदलाव भारत में तकनीक–उद्यमी विकास की ओर झुकाव की निरंतरता में देखा जा सकता है, जो पिछले दशक में शुरू हुआ है, और जो स्टार्ट–अप की संख्या से स्पष्ट है।

कृषि–तकनीक स्टार्ट–अप में निवेश को बढ़ावा देने के लिए समर्पित मंच थिंकएग के अनुसार, 2018 और 2020 के बीच भारत में नई प्रौद्योगिकी–आधारित कृषि फर्मों ने लगभग 1.5 अरब डॉलर का रिकॉर्ड पूंजी निवेश आकर्षित किया, जिसमें से अधिकांश अंतरराष्ट्रीय स्रोतों से था।

अब देश भर में लगभग 1.4 करोड़ किसानों के साथ संपर्क करने वाले 600 से अधिक कृषि–तकनीकी स्टार्ट–अप मौजूद हैं। केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा कोविड प्रतिबंधों ने किसानों की आवाजाही को घटा दिया और कृषि–तकनीकी फर्मों की गतिविधियों पर उनकी निर्भरता को बढ़ा दिया।

अब सवाल उठता है कि कृषि–व्यवसाय प्रेरित विकास मॉडल क्या भारतीय कृषि और किसानों के लिए लाभप्रद होगा। औद्योगिक कृषि के पंडितों ने दशकों से तर्क दिया है कि भावी कृषि की किसी भी अवधारणा को पारिस्थितिक स्थिरता पर केंद्रित करने की आवश्यकता है, जिसे कृषि अर्थव्यवस्था के साथ प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र के सतत उपयोग के रूप में समझा जाता है। क्या कृषि–व्यवसाय प्रेरित मॉडल भारतीय कृषि में पारिस्थितिक स्थिरता को बढ़ावा दे रहा है?

अपने फील्ड वर्क के दौरान मैंने भारतीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में से एक कृषि क्षेत्र के कृषि–तकनीकी उद्यमियों एवं निवेशकों से बातचीत की। ज्यादातर कृषि–तकनीक फर्मों ने कृषि आपूर्ति शृंखलाओं पर ध्यान केंद्रित किया है, जैसे कि किसानों को घर पर कृषि रसायन का वितरण और दिन–प्रतिदिन के फसल संचालन और खेती की स्थिरता सुनिश्चित करने के बजाय कृषि उत्पादों के बाजार लिंकेज को सुनिश्चित करना।

जहां तक कृषि स्थिरता की बात है, तो वे इसे प्रत्यक्ष प्रभाव के बजाय बायप्रोडक्ट के रूप में देखते हैं। भारत सरकार सक्रिय रूप से कृषि में तकनीक–उद्यमी विकास को बढ़ावा दे रही है। मसलन, कृषि मंत्रालय ने भारतीय कृषि के डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए इंडिया डिजिटल इकोसिस्टम ऑफ एग्रीकल्चर (आईडिया) नामक एक मसौदा जारी किया है। सवाल यह है कि क्यों?

पहली बात तो यह है कि, तकनीकी–उद्यमितावाद के समर्थक तकनीकी भविष्यवाद और नवउदारवाद की विचारधाराओं से प्रेरित हैं। अपने फील्डवर्क के दौरान, मैंने लगातार 1990 के दशक के दौरान शुरू हुई भारतीय कृषि के उदारीकरण की अधूरी प्रक्रिया के बारे में नीति निर्माताओं और कृषि अर्थशास्त्रियों के बीच स्पष्ट निराशा देखी।

नीति आयोग के एक कृषि अर्थशास्त्री रमेश चंद ने दिसंबर 2019 में तर्क दिया कि किसानों की आर्थिक बेहतरी के लिए कृषि क्षेत्र में आमूल–चूल बदलाव की आवश्यकता है, जिसे 1991 के सुधार एजेंडे में पीछे छोड़ दिया गया था। आईडिया दस्तावेज में यह भी दावा किया गया है कि भारतीय कृषि को 'उच्च स्तर की दक्षता और उत्पादकता' तक ले जाने के लिए डिजिटलीकरण महत्वपूर्ण है।

इन बयानों में अंतर्निहित तथ्य यह है कि भारतीय कृषि अक्षम है और निजी क्षेत्र की अधिक भागीदारी, निर्यात–उन्मुख विकास, और डिजिटल प्रौद्योगिकी के उपयोग से अधिक दक्षता आएगी। उन्हें यह एहसास नहीं है कि अतीत में प्रौद्योगिकी प्रेरित विकास ने अत्यधिक समस्याओं को जन्म दिया है, जिनसे भारतीय कृषि आज जूझ रही है, जैसे मिट्टी का क्षरण, भूजल की कमी और कीड़ों के हमलों की बढ़ती आवृत्ति।

दूसरी बात यह है कि दूरसंचार और अंतरिक्ष जैसे अन्य क्षेत्रों में विकास के क्रम में कृषि विकास को समझने की ओर झुकाव है। यह माना जाता है कि डिजिटलीकरण कृषि को अन्य क्षेत्रों की तरह ही बदल देगा।

अंत में, प्रमुख औद्योगिक सामाजिक–तकनीकी व्यवस्था सुधारों की वैकल्पिक समझ (जैसे प्राकृतिक खेती) की दिशा में किसी भी कदम का कड़ा विरोध करती है, जैसा कि आंध्र प्रदेश के एक हालिया अध्ययन से पता चला है।

हाल ही में, आंध्र प्रदेश में कृषि के स्थायी रूपों में बदलाव के लिए दुनिया के सबसे बड़े प्रयोगों में से एक राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी और इंडस्ट्रियल इनपुट (बीज, उर्वरक, कीटनाशक) के आपूर्तिकर्ताओं की आलोचनाओं का शिकार बन गया, जो देश की खाद्य सुरक्षा को खतरे में डालेगा।

प्रौद्योगिकी और प्रगति पर निर्भरता से उत्पन्न प्रभावी संरचनाओं को प्राकृतिक खेती जैसे विकल्पों से मुकाबला करने की आवश्यकता है, जो कृषि नौकरशाही में शामिल कुछ लोगों को विज्ञान और प्रगति के विपरीत लग सकता है।

हालांकि यह प्रश्न बना हुआ है कि अगर स्थायी कृषि के भविष्य के बारे में सोचने के वैकल्पिक तरीकों में निवेश नहीं किया जाता, तो यह कैसे होगा। इसका एक संभावित तरीका यह है कि किसान देश में कृषि में सार्थक बदलाव के लिए इन वैकल्पिक कृषि भविष्य के साथ न्यूनतम कीमतों की अपनी मांगों का सामंजस्य स्थापित करें।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# तिवारीपुर थाना क्षेत्र में अज्ञात हमलावरों ने बीती रात एक व्यक्ति को मारपीट कर किया घायल

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : तिवारीपुर थाना क्षेत्र के नरसिंहपुर मोहल्ले में बीती रात अज्ञात हमलावरों ने एक्टिवा सवार व्यक्ति को लाठी–डंडों से पीटकर किया घायल।दो अन्य लोगों को भी मारकर घायल करने का सीसीटीवी फुटेज आया सामने। मिली जानकारी के मुताबिक तिवारीपुर थाना क्षेत्र के नरसिंहपुर मोहल्ले में बीती रात 10:30 बजे निजामपुर निवासी अनिल कुमार गुप्ता अपनी एक्टिवा से घर जा रहे थे तभी 15 से 20 की संख्या में हमलावरों ने उन पर लाठी–डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर उन्हें बुरी तरीके से घायल कर दिया। लहूलुहान हालत में वह सड़क पर पड़े रहे।स्थानीय लोगों की सूचना पर परिवार के लोगों ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें गोरखपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। इस मामले में तिवारीपुर थाना अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा और आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि उनसे किसी की दुश्मनी नहीं है।कुछ हमलावरों की पहचान स्थानीय लोगों की मदद से कर ली गई है। गौरतलब है कि कुछ समय के अंतराल पर अन्य दो लोगों पर भी इसी भीड़ ने हमला करके घायल किया जिसका सीसीटीवी फुटेज सामने आया है।

# बंथरा थाना के अंतर्गत पकड़ी गई शराब फैक्ट्री

लखनऊ पत्रकार मृत्युंजय प्रताप सिंह : अवैध शराब के लिए बदनाम बंथरा थाना क्षेत्र में बंथरा पुलिस ने एक अवैध शराब फैक्ट्री पर छापा मारकर भारी मात्रा में अवैध कच्ची शराब और शराब बनाने के उपकरण के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर लागू की गई आचार संहिता के दौरान बंथरा पुलिस की यह कार्यवाही इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि माना जाता है कि चुनाव के दौरान शराब का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर किया जाता है । बंथरा पुलिस ने बंथरा के ग्राम नानमऊ में एक मकान में छापा मारकर संजय कुमार नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है । अवैध शराब बनाने की इस फैक्ट्री से बंथरा पुलिस ने 120 लीटर अवैध कच्ची शराब 200 लीटर लहन और भारी मात्रा में शराब बनाने में इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरण बरामद किए हैं। अवैध शराब की फैक्ट्री में छापेमारी के दौरान पुलिस ने शराब की भठ्ठीओ को भी नष्ट किया है । इंस्पेक्टर बंथरा ने बताया कि मौके से एक व्यक्ति भागने में भी सफल हो गया है जिसकी तलाश की जा रही है । आपको बता दें कि जनवरी 2020 में बंथरा थाना क्षेत्र के लतीफ नगर और बांदे खेड़ा में जहरीली शराब पीने से करीब 7 लोगों की मौत हो गई थी और 1 दर्जन से ज्यादा लोग बीमार हुए थे यही नहीं साल 2017 में भी बंथरा थाना क्षेत्र के मखदुमपुर कैथी में जहरीली शराब से चार लोगों की मौत हुई थी जिनमें एक ही




परिवार के दो मृतक भी शामिल थे। आचार संहिता के दौरान बंथरा पुलिस के द्वारा अवैध शराब के खिलाफ छेड़े गए इस अभियान से चुनाव के दौरान सक्रिय होने वाले अवैध शराब माफियाओं की कमर जरूर टूटेगी।

# सरवन निषाद को चिल्लुपार सीट से विनय शंकर तिवारी के खिलाफ मैदान में उतार सकती है भाजपा

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : आगामी विधानसभा चुनाव शुरू होते ही टिकट को लेकर मारामारी शुरू हो गई है। दल–बदल खेल के साथ ही टिकटों के बंटवारे को लेकर लगातार असमंजस बढ़ता ही जा रहा है। इस बीच गोरखपुर सदर सीट से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का टिकट फाइनल होते ही जहां नगर विधायक राधामोहन दास अग्रवाल चुनावी मैदान में BJP से बाहर नजर आ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर गोरखपुर ग्रामीण विधानसभा सीट को लेकर मारामारी जोरों पर शुरू हो गई है। निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद अपने बेटे सरवन निषाद जहां गोरखपुर ग्रामीण सीट से टिकट मांग रहे हैं। वहीं, राजनीतिक पंडितों का दावा है कि BJP उन्हें इस बार भी लोकसभा चुनाव की तर्ज पर हरिशंकर तिवारी के खिलाफ मैदान में खड़ी करेगी। यानी कि BJP संजय निषाद के बेटे सरवन निषाद को चिल्लुपार सीट से हरिशंकर तिवारी के बेटे विनय शंकर तिवारी के खिलाफ मैदान में उतार सकती है। हरिशंकर तिवारी के बेटे को भी हरा चुके हैं प्रवीण निषाद दरअसल, इससे पहले भी 2019 के लोकसभा चुनाव में BJP ने निषाद पार्टी से गठबंधन कर संजय निषाद के बेटे प्रवीण निषाद को संतकबीरनगर सीट से पंडित हरिशंकर तिवारी के बड़े बेटे भीष्म शंकर तिवारी उर्फ कुशल तिवारी के खिलाफ मैदान में उतारा था। जिसका नतीजा यह हुआ कि लगातार कई बार से सांसद रहे कुशल तिवारी को निषाद पार्टी के वोट बैंक के सामने हार का सामना करना पड़ा। ऐसे में माना जा रहा है कि इस बार भी चिल्लुपार की सीट को बचाने के लिए ठश्रच निषाद पार्टी को ही तिवारी परिवार के सामने कर सकती है। क्योंकि इस सीट पर बसपा से विधायक रहे विनय शंकर तिवारी इस बार यहां से सपा के उम्मीदवार हैं। योगी की सीट हारकर नतमस्तक हुई थी BJP दरअसल, BJP से गठबंधन के बाद से ही निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद अपने बेटे सरवन निषाद के लिए गोरखपुर ग्रामीण सीट से टिकट मांग रहे हैं। जबकि BJPकी ओर से उन्हें चिल्लुपार सीट से टिकट का आफर दिया गया है। वहीं, राजनीतिक पंडितों का मानना है कि 2017 में सीएम योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद गोरखपुर लोकसभा सदर सीट पर निषाद पार्टी के सामने BJP को योगी आदित्यनाथ की अपनी ही सीट पर हार का सामना करना पड़ा था। गोरखपुर की जनता ने BJP उम्मीदवार उपेंद्र शुक्ला को न चुनकर संजय निषाद के बेटे प्रवीण निषाद को यहां से सांसद चुन लिया। जिसके बाद से ही BJP को निषाद पार्टी के आगे नतमस्तक होना पड़ा। टिकट बंटवारे को लेकर दिल्ली बुलाए गए संजय निषाद वहीं, 2019 में BJP ने निषाद पार्टी से गठबंधन कर प्रवीण निषाद को संतकबीरनगर सीट से मैदान में उतारा और प्रवीण, हरिशंकर तिवारी के बेटे कुशल तिवारी को चुनाव में हराकर सांसद चुने गए। हालांकि इस बीच अभी भी निषाद पार्टी का दावा है कि सरवन निषाद किसी भी हाल में गोरखपुर ग्रामीण सीट से ही विधानसभा चुनाव में मैदान में उतेंगे। निषाद पार्टी के उम्मीदवार सरवन निषाद ने कहा कि पार्टी का पूरा प्रयास है कि मैं ग्रामीण सीट से ही चुनाव लड़ूंगा। हालांकि अब तक टिकट को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। आज ही इसके लिए दिल्ली में बैठक आयजित की गई है। जिसमें हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष को भी विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के लिए बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि अगर किन्हीं परिस्थितियों में निषाद पार्टी चिल्लुपार सीट से मुझे प्रत्याशी बनाती है तो इस पर विचार किया जाएगा। 15 सीटों पर हो सकता है समझौता इतना ही नहीं, निषाद पार्टी और BJP के बीच फंसे टिकटों का पेंच भी आज दूर होने की खबर है। 24 सीटों के लिए अड़ी निषाद पार्टी के खाते में 15 सीटों के आने की उम्मीद है। खबर यह भी है कि इसके लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद ने भी हामी भर ली है। हालांकि अभी संजय निषाद की धडिप्टी सीएम की मांग BJP ने नहीं मानी है। निषाद पार्टी का दावा है कि जल्द ही इस असमंजस से भी पर्दा उठा जाएगा। कहा जा रहा है कि अब तक निषाद पार्टी के लिए कुशीनगर जिले का तमकुही राज, संतकबीरनगर का मेंहदावल, महाराजगंज का फरेंदा, जौनपुर, सुल्तानपुर, बस्ती ग्रामीण, रामपुर, आजमगढ़ की सीटें लगभग फाइनल हो चुकी हैं। जल्द ही गोरखपुर सीट को लेकर भी स्थिति साफ हो जाएगी।

# निजीकरण के विरोध में 23–24 फरवरी को हड़ताल करेंगे बिजलीकर्मी

लखनऊ ब्यूरो : केंद्र सरकार पर निजीकरण की नीति अपनाने का आरोप लगाते हुए देश भर के बिजली कर्मचारी इसके विरोध में 23–24 फरवरी को हड़ताल करेंगे। हड़ताल का आह्वान नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स (एनसीसीओईईई) ने किया है। एनसीसीओईईई की हुई ऑनलाइन बैठक में हड़ताल का निर्णय किया गया। ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन शैलेंद्र दुबे ने बताया कि बैठक में निर्णय किया गया कि 23–24 फरवरी को ट्रेड यूनियनों की हड़ताल के समर्थन में देश भर के 15 लाख बिजली कर्मचारी व इंजीनियर भी निजीकरण की नीतियों के विरोध में दो दिन की हड़ताल में शामिल होंगे। बिजली कर्मचारियों व इंजीनियरों की मांग है कि इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2021 वापस लिया जाए, सभी प्रकार की निजीकरण की प्रक्रिया बंद की जाए, केंद्र शासित प्रदेशों के बिजली के निजीकरण का फैसला रद्द किया जाए, बिजली बोर्डों के विघटन के बाद नियुक्त सभी बिजली कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना के दायरे में लाया जाए। साथ ही राज्यों में सभी बिजली कंपनियों का एकीकरण कर केरल के केएसईबी लिमिटेड और हिमाचल प्रदेश के एचपीएसईबी लिमिटेड की तरह एसईबी लिमिटेड गठित किया जाए और नियमित भर्ती के साथ ही सभी संविदा कर्मचारियों को तेलंगाना सरकार की तरह नियमित किया जाए। उन्होंने बताया कि चंडीगढ़ व पुडुचेरी के बिजली कर्मियों के समर्थन में देश भर के बिजली कर्मी एक फरवरी को भी विरोध प्रदर्शन करेंगे।

# लोकपाल (मनरेगा) ने किया कार्यभार ग्रहण

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जिले में चल रही सरकार की महात्मा गाँधी राष्ट्रीय रोजगार गारण्टी योजना (मनरेगा) योजना में पारदर्शिता लाने एवं भ्रष्टाचार को रोकने हेतु लोकपाल(मनरेगा) महेन्द्र विक्रम सिंह, निवासी ग्राम गुलालपुर पोस्ट–महारानी पश्चिम, जिला सुलतानपुर को लोकपाल (मनरेगा) जनपद सुलतानपुर को नियुक्त किया गया है। महेन्द्र विक्रम सिंह विधि व्यवसाय क्षेत्र से हैं। इनकी नियुक्ति होने से भ्रष्टाचार की लंबित शिकायतों के निस्तारण में तेजी आयोगी। शासन के पत्र संख्या 1708/अड़तीस–7–21–176 नरेगा/2009 दिनांक 06.12.2021 के द्वारा जनपद सुलतानपुर में नियुक्ति की गयी है। लोकपाल (मनरेगा) द्वारा बताया कि उन्हें लिखित अथवा इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से योजना में व्याप्त अनियमितता एवं भ्रष्टाचार के सम्बन्ध में शिकायतें प्रेषित की जा सकती है। लोकपाल (मनरेगा) द्वारा कार्यभार ग्रहण कर लिया गया है और विकास भवन सुलतानपुर उनके बैठने की व्यवस्था की जा रही है। लोकपाल (मनरेगा) द्वारा बताया गया कि उनके मो0–9453422500 पर या लिखित रूप से उनकी ई–मेल आईडी lokpalmahendravikramsingh@gmail-com पर शिकायतें की जा सकती है। लोकपाल (मनरेगा) द्वारा स्वतः संज्ञान लेकर भी जिले में चल रही योजना की जॉच कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा स्वयं स्थलीय सत्यापन भी किया जा सकता है या जरूरत पड़ने पर सम्बन्धित मनरेगा कर्मियों से भी जॉच कार्यवाही की जा सकती है, जिससे कि शिकायतों को यथाशीघ्र निस्तारित करके कार्यवाही हेतु जिला कार्यक्रम समन्यक/जिलाधिकारी को प्रेषित किया जा सके।

# संदिग्ध परिस्थितियों में सुल्तानपुर पहुंची मूक–बधिर महिला : परिजनों से मिलाने को जुटी खाकी

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : संदिग्ध हालात में अधेड़ महिला नगर कोतवाली क्षेत्र के पांचोपीरन इलाके में पाई गई है। मूक बधिर महिला अपने घर का पता बताने में असमर्थ हैं। क्षेत्राधिकारी नगर राघवेंद्र चतुर्वेदी के आदेश पर महिला के परिजनों की तलाश की जा रही है । माना जा रहा है कि किसी बाहरी जनपद से भटक कर यह महिला सुल्तानपुर पहुंची है। महिला से संबंधित कोई भी जानकारी 9454 40 4342 और 9454 40 1402 पर दी जा सकती है।



# बंथरा थाना के हंसनखेड़ा गांव में शिव शंकर यादव द्वारा जान से मारने की धमकी मुकदमा पंजीकृत

लखनऊ पत्रकार मृत्युंजय प्रताप सिंह : बंथरा के अंतर्गत गांव हंसनखेड़ा पोस्ट भटगांव जिला लखनऊ में एक घटना घटित हुई हमारी देश की उपासना साप्ताहिक के ब्यूरो चीफ और पत्रकार साथियों ने वहां जाकर जानकारी ली जो जानकारी प्राप्त हुई पीड़ित के पिता रामदयाल यादव पुत्र स्वर्गीय डोरी लाल निवासी ग्राम हसन खेड़ा पोस्ट भटगांव जिला लखनऊ पीड़ित के पिता रामदयाल जी ने बताया मेरा बेटा राजकुमार यादव 14/1/2022 की शाम को लगभग 4:00 बजे अपने गांव हसन खेड़ा से ग्राम नरेरा अपने मामा के घर खिचड़ी खाने जा रहा था गांव से निकलते ही गांव के पास हसन खेड़ा निवासी शिव शंकर उर्फ गोली पुत्र भिखारी लाल यादव ने कुछ अज्ञात लोगों के साथ मेरे बेटे पर हमला कर दिया उसे गाड़ी से गिरा कर बहुत मारा पीटा और जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग निकले।मेरे बेटे की बाएं कंधे की हड्डी टूट गई है इतना





ही नहीं शरीर में कई गंभीर चोटें आई हैं इससे पहले भी विपक्षी शिव शंकर यादव ने कई बार जान से मारने की धमकी भी दे चुका है इस घटना की थाना अध्यक्ष महोदय से जब बात हुई तो उन्होंने इसकी तहकीकात करके मुकदमा पंजीकृत किया विपक्षी शिव शंकर यादव के ऊपर 323 325 506 के अंतर्गत मुकदमा लिखकर आगे की कार्रवाई जारी है।

# राजनीतिक दल कर्मचारी हितों को भी अपने एजेंडे में शामिल करें– सुनील यादव

आर एल पाण्डेय लखनऊ। फार्मेसिस्ट फेडरेशन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष सुनील यादव ने कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग करते हुए सभी कर्मचारियों को इस मांग के प्रति सजग और संघर्षशील रहने का आह्वान किया है, साथ ही सभी राजनीतिक दलों से अपील किया है कि कर्मचारियों की समस्याओं का निस्तारण भी उनके एजेंडे में होना चाहिए क्योंकि कर्मचारी ही सरकार की नीतियों को क्रियान्वित करते हैं । श्री यादव ने कहा कि कर्मचारियों का पेंशन उनका अधिकार है । सेवायोजक का यह कर्तव्य है कि सेवा के उपरांत कर्मचारी के भविष्य एवं कर्मचारी के परिवार के भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए । फेडरेशन के संयोजक के के सचान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जे पी नायक, महामंत्री अशोक कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश में चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों में 10,000 से अधिक फार्मेसिस्ट पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित नहीं है, जिससे उनका भविष्य अस्थिर और अंधकारमय है । ज्यादातर फार्मेसिस्टो की नियुक्तियां 40 से 45 वर्ष की उम्र के आसपास हुई है, मात्र 15–20 साल सेवा करने के उपरांत उन्हें सेवानिवृत्त हो जाना है । सेवानिवृत्ति के उपरांत उनके भविष्य के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू किया जाना अनिवार्य और न्यायोचित है । सरकार को तत्काल सभी कर्मचारियों हेतु पुरानी पेंशन योजना लागू कर




देनी चाहिए । फार्मेसिस्ट फेडरेशन उत्तर प्रदेश की मांग है कि जल्द से जल्द पुरानी पेंशन बहाल की जाए । पेंशन के साथ ही कर्मचारियों के हितों से संबंधित अन्य मामलों पर भी सरकारों को ध्यान देना चाहिए ज्यादातर ऐसा होता है कि कर्मचारियों के साथ कोई बातचीत ही नही होती, जिससे कर्मचारियों में कुंठा पैदा हो जाती है और सरकारी नीतियों का क्रियान्वयन भी प्रभावित होता है । उन्होंने कहा कि विगत वर्षों में संवादहीनता के कारण बार बार आंदोलन की स्थिति बनती रही है इसलिए फेडरेशन चाहता है कि अन्य मुद्दों की भांति कर्मचारियों के मुद्दे भी राजनीतिक दलों के एजेंडे में शामिल हों।

# लखनऊ के युवा, गठबंधन के सभी उम्मीदवारों को जिताने के लिए हर संभव कोशिश करें– मुर्तुजा अली

आर एल पाण्डेय लखनऊ। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के लखनऊ महानगर कार्यालय पर शहर के युवा नेता हमारे बड़े भाई सऊद खान लखनऊ के तमाम प्रभावशाली साथियों के साथ कार्यालय पर आए और उन्होंने प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के लखनऊ महानगर अध्यक्ष बनने पर मुर्तजा अली को बधाई दी।आगामी 2022 के चुनाव को लेकर एक विशेष चर्चा हुई और यह फैसला लिया गया है कि गठबंधन के जो भी उम्मीदवार शिवपाल सिंह यादव और अखिलेश यादव तय करेंगे। उन सभी उम्मीदवारों को



जिताने का कार्य किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– बुजुर्ग, दिव्यांगजन असहाय व निराश्रित लोगों का रखें विशेष ध्यान

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शीतलहर और कोविड को देखते हुए असहाय, निराश्रित लोगों, अकेले रह रहे बुजुर्ग जनों, दिव्यांगजनों पर विशेष ध्यान दिया जाए। रैन बसेरों में समुचित प्रबंध रखा जाए। पुलिस, राजस्व और नगर विकास और स्वास्थ्य विभाग की टीम इनके इलाज, भोजन की व्यवस्था करें। इनमें अगर संक्रस्मण की पुष्टि हो तो अतिरिक्त संवेदनशीलता रखी जाए। वह सोमवार को सरकारी आवास पर कोविड की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जिलों में कोविड ट्रेसिंग, टेस्टिंग, टीकाकरण, अस्पतालों की व्यवस्था, गौशालाओं के प्रबंधन, रैन बसेरों के इंतजाम आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराएं। इंटीग्रेटेड कोविड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर को 24 घंटे चालू रखें। बारिश और ओलावृष्टि से जहां क्षति हुई है, वहां जल्द से जल्द सर्वे कराकर राहत पहुंचाई जाए। घर– घर संपर्क कर



चलाएं टीकाकरण अभियान। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि गांवों में प्रधान के नेतृत्व में और शहरी वार्डो में पार्षदों के नेतृत्व में निगरानी समितियां क्रियाशील रहें। घर– घर संपर्क कर बिना टीकाकरण वाले लोगों को चिन्हित कर उनकी सूची जिला प्रशासन को दी जाए। जरूरत के मुताबिक लोगों को मेडिसिन किट उपलब्ध कराई जाए।

# प्रयागराज में भाजपा बना रही हाईटेक वार रूम : डिप्टी सीएम केशव के मैदान में उतरने पर तेज हुई तैयारी

प्रयागराज ब्यूरो : केशव प्रसाद मौर्य का सिराथू विधानसभा से टिकट तय होने के बाद भाजपा ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसके लिए प्रयागराज के भाजपा कार्यालय में हाईटेक वार रूम बनाने की तैयारी की जा रही है। भाजपा कार्यालय में बनाए जाने वाले वार रूम को नई तकनीक से लैस किया जाएगा। पल–पल की चुनावी गतिविधियों पर हाईकमान की नजर और वरिष्ठ नेताओं से मार्गदर्शन लेने के उद्देश्य से इसे प्रदेश मुख्यालय से जोड़ने की तैयारी की गई है। खास बात यह है कि इस बार चुनाव प्रचार के लिए प्रयागराज में भाजपा थ्री–डी स्टूडियो मिक्स तकनीक का इस्तेमाल करने जा रही है। भाजपा कार्यालय में बनाए जाने वाले वार रूम में एक कॉल सेंटर और वर्चुअल स्टूडियो भी तैयार किया जाएगा। प्रयागराज, कौशाम्बी में मतदान पांचवें चरण में 27 फरवरी को होना है। यहां वार रूम 26 जनवरी से पहले तैयार हो जाएगा। वार रूम की जिम्मेदारी भाजपा आईटी सेल को दी गई है। आईटी सेल की 51 सदस्यीय टीम वार रूम बनने के बाद यहां 24 घंटे शिफ्ट वाइज तैनात रहेगी। इस दौरान प्रयागराज, कौशाम्बी और प्रतापगढ़ के कार्यकर्ताओं को जोड़कर सूचनाओं का आदान–प्रदान करने के साथ ही उन्हें नवीनतम जानकारियों से अपडेट रखा जाएगा। साथ ही विधानसभा क्षेत्रों में होने वाली वर्चुअल रैलियों और सभाओं का प्रबंधन भी वार रूम से ही किया जाएगा। चुनाव प्रचार के लिए थ्री डी स्टूडियो मिक्स तकनीक का भी भाजपा इस्तेमाल करेगा। इसमें दो नेताओं को एक पोडियम पर दिखाया जाएगा। थ्री डी तकनीक के माध्यम से आभासी स्टेज तैयार कर वरिष्ठ नेताओं का संबोधन आदि होगा। वर्चुअल बैठक और मल्टीपल कांफ्रेंस के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया गया है। ई–रैली में 50 हजार तो ऑडियो कांफ्रेंस में एक लाख लोगों को जोड़ने की तैयारी भाजपा ने कोरोना काल के दौरान ऑनलाइन बैठकों और वेबिनार के जरिए लगातार कार्यक्रम किए। इस वजह से उसके तमाम कार्यकर्ता और पदाधिकारी वर्चुअल बैठक में पारंगत हो गए हैं। पार्टी ने विधानसभा चुनाव को देखते हुए एक खास सॉफ्टवेयर तैयार करवाया है। इसके जरिए वेबिनार, ई–रैलियां आदि होंगी। बताया जा रहा है कि एक ई–रैली में तकरीबन 50 हजार लोगों को जोड़ा जा सकेगा। वहीं ऑडियो कांफ्रेंस से एक साथ एक लाख लोगों को जोड़े जाने की तैयारी की गई है। यहां आईटी सेल के संयोजक का दायित्व हनुमान प्रसाद और सोशल मीडिया का दायित्व यश विक्रम त्रिपाठी के पास है। चुनाव आयोग के निर्देश पर इस बार चुनावी प्रचार वर्चुअल ही होना है। इसे लेकर पार्टी तैयार है। कोरोना काल के दौरान पार्टी की ओर से वेबिनार आदि कराए जाते रहे हैं। इस वजह से हमारे कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को इसका अच्छा अभ्यास भी है। – गणेश केसरवानी, महानगर अध्यक्ष भाजपा।

# अलीगढ़ में मृत युवक को टीका लगा आए स्वास्थ्यकर्मी!

आगरा ब्यूरो : स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी परलोक में जाकर मृतकों को टीका लगा रहे हैं। खैर क्षेत्र के उदयगढ़ी के मृत युवक को 16 जनवरी 2022 को कोविड रोधी टीके की दूसरी डोज लगाने का मामला सामने आया है। इससे पूर्व अलीनगर के एक मृत युवक को टीका लगाने का मामला सामने आया था। टीकाकरण अभियान के नाम पर कागजी खानापूर्ति की शिकायत पहले भी सामने आती रही हैं। नया मामला खैर तहसील के उदयगढ़ी गांव का है। 32 वर्षीय नरेंद्र जादौन नामक युवक ने 25 मई 2021 को कोविड रोधी टीका लिया था। होनी को कुछ और मंजूर था। सड़क दुर्घटना में नरेंद्र जादौन की 21 जून 2021 को मौत हो गई। परिजन एवं सगे संबंधी इस गम को भुला भी नहीं पाए थे कि एक मोबाइल संदेश से पुराने जख्म हरे हो गए हैं। मृतक नरेंद्र जादौन के जीजा अमित के मोबाइल पर 16 जनवरी 2022 को सफलतापूर्वक दूसरी डोज का संदेश आया तो लोग हैरान रह गए। अमित के ही मोबाइल नंबर से नरेंद्र जादौन ने पहली बार पंजीयन कराकर कोविड रोधी टीके की प्रथम डोज ली थी। अमित का कहना है कि उसके साले की सात महीने पहले मौत हो गई है। उसको टीका कैसे लग सकता है। प्रमाणपत्र पर टीका लगने का स्थल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, खैर एवं टीका लगाने वाले का नाम उर्मिला अंकित है। अमित का कहना है कि सीएचसी से उसके पास फोन भी आया था। जब उसने बताया कि उसके साले की मौत हो गई है तो फोन तुरंत काट दिया गया। ऐसा ही एक मामला 15 जनवरी 2022 को धौर्रा बाईपास स्थित अलीनगर में आया था। एक मृत युवक (मो. आसिफ, 31 वर्ष) को टीके की दूसरी डोज लगने का मैसेज आया था। युवक को 17 सितंबर 2021 को पहली डोज लगी थी। दिसंबर 2021 में बीमारी से उसकी मृत्यु हो गई। स्वास्थ्यकर्मियों ने 15 जनवरी 2022 को दूसरी डोज लगा दी थी। सीएमओ डॉ. नीरज त्यागी का कहना है कि खैर के उदयगढ़ी में मृत युवक को टीका लगाने का मामला संज्ञान में नहीं है। सीएमओ को मृत युवक का टीकाकरण प्रमाणपत्र एवं मृत्यु प्रमाणपत्र उपलब्ध करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच कराएंगे। मोबाइल नंबर गलत डालने की वजह से हुई थी दिक्कत 15 जनवरी को अलीनगर निवासी एक मृत युवक को टीका लगाने का मामला सामने आया था। सीएमओ डॉ. नीरज त्यागी ने उसकी जांच एसीएमओ एवं जिला प्रतिरक्षा अधिकारी डॉ. एमके माथुर से कराई थी। जांच में जिम्मेदार स्वास्थ्यकर्मियों को क्लीन चिट दे दी गई है। सीएमओ का कहना है कि मोबाइल नंबर गलत डालने के कारण समस्या उत्पन्न हुई थी। उन्होंने कहा कि बाद में अरुण आनंद नामक व्यक्ति द्वारा शिकायत की गई कि उसका प्रमाणपत्र अपलोड नहीं हो रहा है। जांच करने पर मालूम हुआ कि टीकाकरण के समय पोर्टल पर गलत मोबाइल नंबर अंकित हो गया था। मृतक द्वारा पंजीकृत नंबर एवं अरुण आनंद का नंबर मिलते–जुलते थे। सीएमओ का कहना है कि पोर्टल पर दबाव अधिक होने के कारण भी कभी–कभी समस्या उत्पन्न होती है।

# गंभीर रूप से बीमार, गर्भवती महिला एवं बुजुर्गों को ज्यादा खतरा

आगरा ब्यूरो : कोरोना महामारी के समय में गंभीर रूप से बीमार, गर्भवती महिला एवं बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें। कोरोना से सबसे अधिक खतरा इन्हीं को है। अभी तक तीन मौतें हो चुकी है। चिकित्सकों का कहना है कि मौत का कारण दूसरी बीमारी है। जेएन मेडिकल कॉलेज में दो दिन पहले एक गर्भवती महिला की मौत हो गई। अतरौली के एक व्यक्ति की भी मौत हुई थी। पं. दीनदयाल उपाध्याय संयुक्त चिकित्सालय में एक टीबी मरीज की मृत्यु हुई। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. नीरज त्यागी कहते हैं कि गर्भवती महिला हृदय रोग से पीड़ित थी। इसके साथ ही वह एनेमिक भी थी। उन्होंने कहा कि कोरोना प्रोटोकॉल का ख्याल रखते हुए मरीजों का कोविड टेस्ट कराकर अस्पतालों में भर्ती किया जा रहा है। मरीज किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित होने की वजह से अस्पताल आते हैं। जांच में संक्रमित पाए जाने पर कोविड वार्ड में रखकर उपचार दिया जाता है। मृत्यु की वजह गंभीर बीमारी होती है, कोरोना नहीं। उन्होंने कहा कि जेएन मेडिकल कॉलेज एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय संयुक्त चिकित्सालय में जिनकी मृत्यु हुई है, वे सभी दूसरी बीमारियों की वजह से भर्ती हुए थे और जांच में कोरोना संक्रमित पाए गए थे। सभी की डेथ ऑडिट होगी। टीका जरूर लगवाएं, रखें ख्याल सीएमओ डॉ. नीरज त्यागी एवं जेएन मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक प्रो. हैरिस खान कहते हैं कि गंभीर रूप से बीमार, गर्भवती महिला एवं बुजुर्गों का विशेष ख्याल रखें। वर्तमान समय में उनको सबसे ज्यादा खतरा है। यह ध्यान रखें कि सबको समय से टीका लग जाए। बुजुर्गों को एहतियात डोज भी लगवा लें। इस बात का भी ध्यान रखें कि बुजुर्ग, गर्भवती महिला व हाई रिस्क मरीज संक्रमित न हो। हाई रिस्क के मरीज स्वयं मास्क और दो गज की दूरी का ध्यान रखें। बाहर निकलने से परहेज करें। बार–बार हाथ धोते रहें। समय से दवा लेते रहे और पौष्टिक आहार का सेवन करें और चिकित्सक के संपर्क में रहें।

# अयोध्या विधानसभा सीट से प्रत्याशी को लेकर भाजपा में चर्चा तेज

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गोरखपुर सीट से विधानसभा चुनाव लड़े जाने की घोषणा के बाद अयोध्या विधानसभा सीट से प्रत्याशी को लेकर भाजपा में चर्चा तेज। वर्तमान विधायक वेद प्रकाश गुप्ता के अलावा इस बार ब्राह्मण चेहरा उतारने को लेकर लगातार हो रहा है मंथन। ब्राह्मण अथवा क्षत्रिय समाज से प्रत्याशी उतारे जाने को लेकर चर्चा तेज। समाजवादी पार्टी के संभावित प्रत्याशी तेज नारायण पाण्डेय पवन के ब्राह्मण और मजबूत प्रत्याशी होने के नाते भाजपा भी समीकरण बिठाने में जुटी। ब्राह्मण चेहरा में भाजपा के महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय का नाम संभावित प्रत्याशियों की दौड़ में शामिल। क्षत्रिय समाज से भाजपा के युवा नेता व सांसद लल्लू सिंह के पुत्र विकास सिंह तथा भाजपा के युवा नेता हर्षवर्धन सिंह का भी नाम शामिल।

# एआईएमआईएम ने इलाहाबाद शहर पश्चिमी से अतीक की पत्नी को बनाया उम्मीदवार

प्रयागराज ब्यूरो : आल इंडिया मजलिस ए इत्तोदुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने इलाहाबाद शहर उत्तरी विधानसभा सीट से पूर्व सांसद अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन को उम्मीदवार बनाया है। अतीक अहमद इस सीट से लगातार पांच बार विधायक रह चुके हैं। एक बार उनके भाई खालिद अजीम उर्फ अशरफ भी इस सीट से चुनाव जीत चुके हैं। शाइस्ता परवीन के उम्मीदवार बनने से इस सीट पर राजनीतिक सरगर्मी तेज



हो गई है। शाइस्ता परवीन के इस सीट से प्रत्याशी बनने की अटकलें काफी दिनों से लगाई जा रही थीं। शाइस्ता को टिकट मिलने की पुष्टि एआईएमआईएम के जिला प्रवक्ता अफसर महमूद ने की है। शहर पश्चमी सीट से अतीक अहमद लगातार पांच बार विधायक रह चुके हैं। उन्होंने निर्दल प्रत्याशी के रूप में 1989, 1991, 1993 जीत दर्ज की। 1996 में सपा के टिकट पर फिर विधानसभा पहुंचे। वर्ष 2002 में उन्होंने अपना दल के टिकट पर चुनाव में जीत दर्ज की। इसी बीच 2004 में फूलपुर से सांसद चुने जाने पर उनके इस्तीफे से सीट रिक्त हो गई। उप चुनाव में बसपा के राजू पाल ने अतीक के छोटे भाई अशरफ को पराजित कर दिया। बाद में राजू पाल की सरेशाम गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई। हत्या का आरोप अतीक, अहमद, अशरफ और उनके गिरोह पर लगा। इसके बाद हुए फिर उप चुनाव में अशरफ ने जीत दर्ज की और दिवंगत राजू पाल की पत्नी पूजा पाल को पराजित कर दिया। 2007 में हुए विधानसभा चुनाव में बसपा के टिकट पर पूजा पाल ने अशरफ को पराजित किया। पूजा पाल लगातार दो बार इस सीट से विधायक रहीं।

# डिवाइडर से टकराकर सड़क पर गिरे बाइक सवारों को ट्रक ने कुचला : एक की मौत

प्रयागराज ब्यूरो : नैनी के डेज मेडिकल तिराहे के पास बीतीरात ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। दूसरे की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। औद्योगिक थाना क्षेत्र के महुवारी गांव निवासी समीर (18) पुत्र मदन और छोटू पुत्र अर्जुन सोमवार देर शाम अपने गांव से बाइक से नैनी की ओर निकले थे। डेज मेडिकल तिराहे के पास डिवाइडर से टकराकर दोनों सड़क पर गिर गए। इसी बीच तेज रफ्तार ट्रक ने दोनों को कुचल दिया। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंचे परिजन उपचार के लिए अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने समीर को मृत घोषित कर दिया।

# अलीगढ़ में 29 बच्चे एवं 26 बुजुर्ग सहित 233 संक्रमित

आगरा ब्यूरो : जनपद में कोरोना का कहर जारी है। 29 बच्चे (17 वर्ष या उससे कम) एवं 26 बुजुर्ग (60 वर्ष या उससे अधिक) सहित कुल 233 लोग संक्रमित हुए हैं। जिला जेल में 8 और चर्च कंपाउंड में छह लोग चपेट में आए हैं। वहीं 246 लोग कोरोना को पराजित कर स्वस्थ हुए हैं। जनपद में सक्रिय मरीजों की संख्या 1477 तक पहुंच गई है। जनपद में कोरोना के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। औसतन 200 से अधिक मरीज प्रतिदिन निकल रहे हैं। सोमवार को 233 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। राहत की बात यह है कि 246 लोग कोरोना को पराजित कर स्वस्थ हुए हैं। जनपद में सक्रिय कंटेनमेंट जोन की संख्या 1247 है। निगरानी समितियों द्वारा 327 घरों का भ्रमण किया गया और 298 मेडिकल किट का वितरण किया गया। अब कोरोना से मरने वालों की संख्या बढ़कर 108 हो गई है। कल तक यह संख्या 106 थी। सीएमओ डॉ. नीरज त्यागी ने बताया कि कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए टीका जरूर लगवाएं। दूरी एवं मास्क का ध्यान रखें। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में जाने से परहेज करें। सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार या सांस लेने में दिक्कत हो तो अवश्य जांच कराएं।

# करोड़ों की संपत्ति के मालिक हैं बसपा प्रत्याशी तिलकराज यादव

आगरा ब्यूरो : छर्रा विधानसभा क्षेत्र से बसपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतरे तिलकराज यादव करोड़ों की संपत्ति के मालिक हैं। खुद के नाम एक फॉर्चूनर गाड़ी के अलावा करीब 92.83 लाख की चल संपत्ति भी है। उनके खिलाफ थाना हरदुआगंज में अनुसूचित जाति उत्पीड़न का एक मुकदमा भी दर्ज है। हालांकि उसमें फाइनल रिपोर्ट लग चुकी है कोर्ट में मामला अभी लंबित पड़ा हुआ है। बसपा प्रत्याशी ने नामांकन के दौरान दिए गए शपथ पत्र में इसका जिक्र किया है। उन्होंने बताया कि उनके नाम नयाबांस नरेंद्रगढ़ी में 0.5 हेक्टेयर भूमि का एक चौथाई हिस्सा उनके नाम है। इसकी बाजार में करीब 50 लाख रुपये कीमत है। 92.83 लाख रुपये कुल चल संपत्ति है। तीन लाख की नकदी, 20 लाख बैक खाते में हैं। 30 लाख का बीमा, 32 लाख की फॉर्चूनर कार, 5.70 लाख कीमत का सोना, एक रिवाल्वर व एक बंदूक भी शामिल हैं। जबकि पत्नी के नाम पर करीब 60 लाख से अधिक की चल संपत्ति है। करीब 12 लाख कीमत के जेवरात, दो लाख की नकदी, 22 लाख खाते में जमा है। पत्नी के नाम पर टेंपो, ट्रक, गैस एजेंसी, 25 लाख कीमत के मकान व दुकान हैं। निर्दलीय देवेंद्र भी करोड़पति बरौली विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी देवेंद्र वर्मा भी करोड़ों के मालिक हैं। देवेंद्र खुद करीब 17 लाख की व पत्नी के पास 27 लाख की चल संपत्ति है।

# डॉक्टर राममनोहर त्रिपाठी पर परिचर्चा एवं काव्यगोष्ठी रविवार 23 जनवरी

मुंबई ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : पत्रकारिता मिशन संस्था – हनुमान नगर, कांदिवली पूर्व, मुंबई– माघ , कृष्णपक्ष, पंचमी , आनंद संवत्सर विक्रम संवत् 2078 – नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयन्ती दिवस के अवसर पर पत्रकारिता मिशन संस्था द्वारा संस्था कार्यालय हनुमान नगर, कांदिवली (पूर्व ) में '' डॉक्टर राममनोहर त्रिपाठी '' पर काव्यगोष्ठी एवं परिचर्चा रविवार 23 जनवरी को अपराह्न 2:30 बजे आयोजित की गई है । संस्था के अध्यक्ष – राकेशमणि तिवारी ने बताया कि , कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर राममनोहर त्रिपाठी के सुपुत्र वरिष्ठ पत्रकार नवभारत टाइम्स अनुराग त्रिपाठी जी करेंगे तथा प्रमुख वक्ता के तौर पर वरिष्ठ पत्रकार पूर्व ब्यूरो चीफ सहारा समय मुंबई सैयद सलमान व वरिष्ठ शिक्षक गंगा प्रसाद तिवारी एवं प्रधानाध्यापक एन एल विद्यालय मिथिलेश मिश्र जी उपस्थित रहेंगे । काव्यपाठ वरिष्ठ कवि राम



सिंह, प्राध्यापक जेपी सिंह, जवाहर लाल निर्झर, रवि यादव , कल्पेश यादव , अजय शुक्ल बनारसी , जाकिर हुसैन रहबर , हरिश्चंद्र सिंह, महेश गुप्ता , संदेश मुकुन्द दुबे तथा नेपाल निवासी सुरेण पोखरेल करेंगे । कार्यक्रम के सहयोगी के तौर पर पत्रकार दिनेश वर्मा , संस्था के सचिव विनय प्रकाश दुबे , कोषाध्यक्ष अनुराग मिश्र, अरूण कुमार तिवारी , विकास पाण्डेय, चन्द्रगुप्त चौहान , रविन्द्र कुमार सिंह एवम् शिवम तिवारी आदि उपस्थित रहेंगे।

# गेस्ट हाउस का हाल बंदकर चल रहा था निजी कंपनी का कार्यक्रम : गेस्ट हाउस में मौजूद थे 250 लोग : प्रोटोकॉल का उल्लंघन

लखनऊ ब्यूरो : लखनऊ में कृष्णानगर थानाक्षेत्र के कानपुर रोड स्थित घई गेस्ट हाउस का हाल बंद कर अदर ब्राइट फ्यूचर कंपनी लि. का कार्यक्रम चल रहा था। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में कंपनी के करीब 250 अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान कोविड प्रोटोकाल का खुला उल्लंघन किया जा रहा था। सूचना मिलने पर कृष्णानगर पुलिस ने कार्यक्रम को बंद कराया। वहीं आयोजकों व कंपनी के खिलाफ महामारी अधिनियम व धारा 144 का उल्लंघन करने का मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रभारी निरीक्षक कृष्णानगर आलोक कुमार राय के मुताबिक रविवार शाम दारोगा रवींद्र सिंह भदौरिया, हेड कांस्टेबल चंद्रपाल और सिपाही शिवानंद गश्त कर रहे थे। इस बीच उन्हें घई गेस्ट हाउस में कार्यक्रम के आयोजन और मानक से अधिक लोगों के मौजूद होने की सूचना मिली। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो गेस्ट हाउस का हाल अंदर से बंद था। उसे खुलवाया गया। हाल में 250 से अधिक लोग थे। कोविड प्रोटोकाल का उल्लंघन हो रहा था। कुछ ने मास्क भी नहीं लगा रखा था। जानकारी करने पर पता चला कि कार्यक्रम का आयोजन ब्राइट फ्यूचर कंपनी लिमिटेड के रोशन कुमार, सैयद चंचल हुसैन द्वारा कराया जा रहा है। मना करने पर कुछ लोगों ने विरोध करने की कोशिश की। इस पर पुलिस बल थाने से बुलवाकर उन्हें शांत कराया गया। यह लोग हेल्थ संबंधी प्रोडक्ट पर चर्चा कर रहे थे। हाल में शारीरिक दूरी का भी ध्यान नहीं रखा गया था। आयोजकों और कंपनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद मौके से भीड़ को हटाया गया। नाइट कर्फ्यू में खुला मिला डिपार्टमेंटल स्टोर। नाईट कर्फ्यू के दौरान गोमतीनगर इलाके में एक डिपार्टमेंटल स्टोर खुला मिला। गोमतीनगर पुलिस ने डिपार्टमेंटल स्टोर के तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गोमतीनगर थाने में तैनात महिला दरोगा वंदना पांडेय शनिवार की रात नाइट कर्फ्यू के चलते गश्त करते हुए विशालखंड–1 पहुंची तो देखा कि रात दस बजे के बाद भी एक डिपार्टमेंट स्टोर खुला है । वहां पर लोगों की भीड़ जमा है। पुलिस के पहुंचते ही वहां मौजूद लोग इधर–उधर हो लिए। दुकान पर एक महिला सुषमा, राकेश और कुनाल सिंह मौजूद थे। पुलिस ने जब तीनों से नाईट कर्फ्यू के उल्लंघन को लेकर सवाल किए तो वह लोग कोई जवाब नहीं दे सके। इस पर पुलिस ने डिपार्टमेंटल स्टोर को बंद कराया। इस मामले में महिला दरोगा ने अब तीनों के खिलाफ गोमतीनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया। शराब पीकर घूमने वाला गिरफ्तार। विभूतिखंड थाने में तैनात दरोगा उदयराज निषाद ने तखवा चौराहे के पास से रविवार रात को गश्त के दौरान शराब पीकर घूम रहे नंदकिशोर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने जब उसको रोका तो वह पुलिसकर्मियों से ही बहस करने लगा। इस पर पुलिस ने उसको गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके खिलाफ धारा 269, महामारी अधिनियम की धारा 3 और 4 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# महंत नरेंद्र गिरि मौत मामला : जेल में बंद आनंद गिरि की जमानत अर्जी पर सुनवाई टली

प्रयागराज ब्यूरो: अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रहे महंत नरेंद्र गिरि की मौत के मामले में जेल में बंद आनंद गिरि की जमानत अर्जी पर मंगलवार को भी सुनवाई नहीं हो सकी। कोर्ट ने इसे आगे सुनवाई के लिए टाल दिया है। दरअसल, मंगलवार को वर्चुअली सुनवाई के दौरान कनेक्टिविटी न हो पाने की वजह से पैरवी के लिए अधिवक्ता वर्चुअली जुड़ नहीं सके। इसकी वजह से कोर्ट ने इसे आगे की तिथि पर सुनवाई के लिए टाल दिया। अखाड़ा परिषद के पूर्व अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि की मौत के मामले में जेल में बंद आनंद गिरि की जमानत अर्जी पर मंगलवार को सुनवाई होनी थी। आनंद गिरि ने हाईकोर्ट में अपनी जमानत के लिए अर्जी दाखिल की थी। मामले में सीबीआई की ओर से चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है। पिछली बार की सुनवाई में सीबीआई की ओर से दाखिल हलफनामे की फाइल कोर्ट के सामने प्रस्तुत ना हो पाने की वजह से इसे 18 जनवरी को सुनवाई के लिए कोर्ट ने निर्धारित तिथि तय कर दी गई थी। आनंद



गिरि ने इसके पहले अपनी जमानत के लिए विशेष कोर्ट के सम्मुख अर्जी दी थी, लेकिन कोर्ट ने उसे खारिज कर दिया था। उसके बाद आनंद गिरि यहां इलाहाबाद हाईकोर्ट में अपनी जमानत के लिए अर्जी दाखिल की है।

# पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा डॉ रमापति राम त्रिपाठी आज आयेंगे जौनपुर : कल प्रबुद्ध वर्ग संवाद में होंगे सम्मिलित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने बताया कि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा एवं देवरिया के सांसद डॉ रमापति राम त्रिपाठी दिनांक 18 जनवरी को जौनपुर आ रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि कल दिनांक 19 जनवरी को राहुल महाविद्यालय कलवारी सिकरारा मे सुबह 11.00 बजे प्रबुद्ध वर्ग संवाद में शामिल होकर प्रबुद्ध वर्ग से वार्ता करेंगे। उसके उपरान्त दोपहर 01.00 बजे विष्णु मोटल सूक्खीपुर में प्रबुद्ध वर्ग संवाद में शामिल होकर प्रबुद्ध



वर्ग से वार्ता करेंगे।

# शीतलहर ने छुड़ाई लोगों की कंपकंपी

आगरा ब्यूरो : पिछले कई दिनों से मौसम ने अचानक करवट ली है। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी से मौसम में बदलाव आया है। सोमवार को शीतलहर ने लोगों की कंपकंपी छुड़ा दी। वहीं तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। ठंड से बचने के लिए लोगों ने अलाव का सहारा लिया। दोपहर में धूप निकलने से लोगों ने थोड़ी राहत की सांस ली। लेकिन दिन ढलते ही शीतलहर ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया। सोमवार सुबह शीतलहर ने लोगों पर सितम ढहाया। लोग अपने घरों में ही कैद रहे। दोपहर 12 बजे धूप निकली। जिससे लोगों को थोड़ी राहत मिली। शाम को शीतलहर ने ठंड बढ़ा दी। सोमवार को न्यूनतम तापमान 4 डिग्री व अधिकतम



तापमान 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा की रफ्तार सात किमी प्रति घंटा रही। लोगों ने ठंड से बचने के लिए अलाव जलाए। शहर के मामू भांजा मार्केट में ठंड के चलते हीटर, रूम हीटर, हॉट ब्लोअर आदि की मांग बढ़ी है। कोयले के दामों में भी इजाफा हुआ है। मौसम विभाग की मानें तो ठंड का प्रकोप अभी जारी रहेगा।

# राम नगरी अयोध्या में रामलला के दर्शन हेतु रामभक्तो को चढ़नी होंगी 32 सीढ़ियां

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) राम नगरी अयोध्या में हो रहे राम मंदिर निर्माण काम इस समय बहुत ही तेजी चल रहा है।वहीं, सोमवार को राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से मीडिया के लोगों को राम मंदिर के निर्माण के अलावा अन्ध्य योजनाओं की जानकारी दी गयी।इस दौरान इस ट्रस्ट के पदाधिकारी ने बताया कि गर्भगृह में रामलला की चल मूर्ति स्थापित की जाएगी।वहीं, राम मंदिर का गर्भगृह 10.50 मीटर लंबा होगा।इस मौके पर उन्होने बताया कि इसके अलावा रामभक्त्त 32 सीढ़ियां चढ़कर रामलला के दर्शन कर सकेंगे।यही नहीं, इसका प्रवेश द्वार पूरब दिशा की ओर होगा।वही सुग्रीव किला से सीधा रास्ता राममंदिर के गर्भगृह तक पहुंचेगा। फिलहाल, राम मंदिर की नींव रखने का काम किया जा रहा है और जल्ध्द ही इसके ऊपर हो रही रॉफ्ट ढलाई का काम खत्म हो जाएगा।वहीं, इस समय दो शिफ्टों के तहत 24 घंटे काम चल रहा है।वहीं, रॉफ्ट की ढलाई के लिए गूम मिक्सर मशीन लगाई गई है, तो दो टावर क्रेन का इस्तेमाल किया जा रहा है।इस वक्ध्त राम मंदिर के निर्माण में 40 इंजीनियर्स के साथ करीब 250 मजदूर लगे हुए हैं।राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के मुताबिक, राम मंदिर का गर्भगृह का आकार बनने के साथ ही मजदूरों की संख्या बढ़ाई जाएगी।वहीं, इस वक्ध्त मंदिर से 25 मीटर की दूरी पर तीनों ओर से रिटेनिंग वॉल बनाए जा रहे हैं।वही राम



जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के मुताबिक, राम मंदिर का निर्माण करने वाले इंजीनियर्स मानना है कि यह देश के चुनिंदा मंदिरों में से एक होगा, जिसकी तकनीक और भव्ध्यता एकदम अलग होगी. यही नहीं, यह एक हजार साल तक अखंड बना रहेगा।राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के प्रोजेक्ट मैनेजर जगदीश आफले ने बताया कि सबसे पहले राममंदिर का गर्भगृह होगा, फिर गृह मंडप होगा जो कि पूरी तरह से पैक रहेगा. वहीं, कीर्तन मंडप, नृत्य मंडप व रंगमंडप का क्षेत्र खुला होगा।सूत्र के मुताबिक, राम मंदिर 3 मंजिल का होगा।इसकी पहली मंजिल पर रामदरबार विराजित होंगे, तो बाकी मंजिलों को लेकर मंथन चल रहा है।हालांकि इस तीन मंजिला मंदिर में करीब 400 खंभे होंगे।मालुम हो कि इस मंदिर की संरचना को गुलाबी पत्थरों से तैयार किया जा रहा है।इसके साथ ही साथ बताया गया कि राम मंदिर का परकोटा करीब 60 फीट ऊंचा होगा।सभी परकोटे में भारतीय संस्कृति, धार्मिकता को दर्शाती तरह–तरह की नक्काशी भी की जाएगी जो राम मंदिर परिसर की भव्यता बढ़ायेगी।

# बिछने लगी सियासी गोटियां केवल सपा का ही अपने पुराने दिग्गजों पर दिख रहा भरोसा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) रामनगरी अयोध्या की चुनावी गतिविधियों पर पूरे देश की निगाह लगी हुई है।सूत्र के मुताबिक यहां सपा को छोड़कर अन्य दलों में अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है। विधानसभा चुनाव की रणभेरी बजने के साथ ही अयोध्या जिले की पांच विधानसभा क्षेत्रों में भी सभी दलों ने बिसात बिछानी शुरू कर दी हैं। 27 फरवरी को यहां होने वाले मतदान के लिए केवल समाजवादी पार्टी ने ही अपने पुराने दिग्गजों पर भरोसा कायम रखा है।अन्य दलों में जहां अनिश्चय की स्थिति हैस अयोध्या केवल चुनाव का मैदान ही नहीं करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र भी है। अयोध्या केवल चुनाव का मैदान ही नहीं करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र भी है। सर्वाधिक अनिश्चय की स्थिति अयोध्या सदर विधानसभा क्षेत्र को लेकर है।इस जिले की विधानसभा सीटों पर सपा और आप के बीच तालमेल गड़बड़ होता नजर आ रहा है।अभी तक सपा के कथित सहयोगी दलों या उसमें शामिल हुए लोगों से जुड़े समर्थकों का कोई वजूद नजर नहीं आ रहा है।भाजपा में टिकट को लेकर सबसे ज्यादा घमासान मचा हुआ है।सर्वाधिक अनिश्चय की स्थिति अयोध्या सदर विधानसभा क्षेत्र को लेकर है।जहां से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दावेदारी लगभग तय मानी जा रही थी।और अचानक उन्हें गोरखपुर रवाना होने के बाद अब कयासों का दौर जारी है। पवन पांडेय सपा के आजमाए हुए तय प्रत्याशी, अयोध्या विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी ने अपने आजमाए हुए और जातीय समीकरण में फिट प्रत्याशी पूर्व मंत्री पवन पांडेय को मैदान में उतारा है।वह बीते पांच साल से निरंतर सक्रिय हैं। हालांकि अपने जातिगत मतों को सहेजने की कोशिश उन्होंने विलंब से प्रारंभ की है।वह भी तब जब पार्टी ने ब्राह्मणों को अपने पाले में करने की कोशिश दिखानी शुरू की।उनके प्रयासों ने जब रंग दिखाना शुरू किया, तब तक पार्टी अपने पुराने ढर्रे पर लौट कर पिछड़ा और मुस्लिम मतों की राजनीति को ही धार देने लगी। इसी बीच कांग्रेस ने शरद शुक्ला को सदर सीट से टिकट देकर उनके जातीय वोटों में सेंधा लगाने की मंशा जाहिर कर दी है।हालांकि कांग्रेस का उतना प्रभाव है नहीं हैस ब्राह्मणों में बैठ करने वाले बड़ी देवकाली मंदिर के महंत परिवार के सुनील पाठक को बीकापुर से चुनाव लड़ने जा रहे है। चर्चा हैकि वे बसपा के टिकट पर यह चुनाव लड़ेंगेस सदर सीट के लिए भाजपा में मारामारी, सदर सीट पर सिर फुटौव्वल जैसा नजारा ही है। सांसद लल्लू सिंह ने इस सीट का नेतृत्व पांच बार किया है। वह अपने बेटे प्रदेश कबड्डी संघ के अध्यक्ष विकास सिंह को टिकट दिलाने के लिए जोर बांधे हुए हैं। आयु के आधार पर अब टिकट ना मिलने वालों की जमात में शामिल हो चुके वर्तमान विधायक वेद प्रकाश गुप्ता अपने बेटे अमल गुप्ता को दिलाने के लिए कोशिश कर रहे हैं। नए परिसीमन के मद्देनजर ब्राह्मणों मतों के निर्णायक होने के बाद भी उनका दावा यह है कि यहां वैश्यों की आबादी सबसे ज्यादा है, और पहले भी वैश्य इस सीट का प्रतिनिधित्व करते रहे हैं।आरएसएस के सबसे चहेते ऋषिकेश उपाध्याय माने जा रहे है।अयोध्या सदर सीट पर जातीय समीकरण में फिट बैठने वाले प्रत्याशियों में प्रबल दावेदारी मेयर ऋषिकेश उपाध्याय की है। वह मेयर भी हैं और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सबसे चहेते भी।यही नहीं उन्होंने राममंदिर के निर्माण का कार्य शुरू होने के बाद से ही कई राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों की मेजबानी भी की है।संघ और भाजपा के अधिकांश कार्यक्रमों की जिम्मेदारी वही उठाते हैं। उनकी आज्ञाकारिता का संगठन कायल है। महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह और अभय सिंह भी भाजपा से टिकट के दावेदारों में शामिल हैं। एक और ब्राह्मण उम्मीदवार भाकपा से आने की भी आहट सुनाई दे रही है। पहले भी चुनाव लड़ चुके भाकपा उम्मीदवार सूर्यकांत पांडेय लंबे समय तक सपा में रहे हैं। गोशाईगंज से खब्बू तिवारी की धर्मपत्नी आरती का टिकट तय माना जा रहा गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र से भाजपा अपने पुराने चेहरे इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू पर ही दांव खेलेगी। इस बार भले ही वह चुनाव नहीं लड़ सकते, लेकिन उनकी पत्नी इंजीनियर आरती तिवारी को टिकट मिलना तय माना जा रहा है।वहीं सपा से अभय सिंह की दावेदारी लगभग तय मानी जा रही है।भले ही प्रक्रिया अदालती रही हो, लेकिन खब्बू को निष्प्रभावी करने की योजना में भी वह खासे सक्रिय रहे हैं।वहीं आप ने उनकी राह सुगम करने वाला प्रत्याशी मैदान में उतार दिया है, जो खब्बू तिवारी के सजातीय वर्ग में थोड़ी बहुत सेंधमारी कर सकता है।आप ने यहां से जुझारू नेता माने जाने वाले पूर्व विधायक संत श्रीराम द्वेदी के पुत्र आलोक द्वेदी को टिकट दिया है। रुदौली में रामचदंर से आनंदसेन की टक्कर के बन रहे योग बीकापुर विधानसभा क्षेत्र से सपा के प्रत्याशी रहे पूर्व विधायक व मंत्री आनंदसेन यादव को रूदौली से टिकट दिए जाने से यहां पर सपा से अनूप सिंह की दावेदारी तय मानी जा रही है।आनंदसेन के पिता का कार्यक्षेत्र रही मिल्कीपुर सीट के सुरक्षित हो जाने के बाद से वह अपने लिए नया गढ़ तलाश रहे हैं। हालांकि रुदौली में भी उनका मुकाबला लगातार विधायक हो रहे सजातीय उम्मीदवार रामचंद्र यादव से है। भाजपा में कयास है कि वर्तमान विधायक शोभा सिंह का टिकट काटा जा सकता है। वैसे हाल ही में उनके प्रतिनिधि और पुत्र अमित सिंह के दूसरे दल में जाने की एक खबर को लेकर सफाई और मुकदमा किए जाने से अभी उनकी दावेदारी को लेकर थोड़ा संशय कम हुआ है। फिर भी पहले इस सीट से लगभग तय उम्मीदवार पूर्व विधायक जितेंद्र सिंह बबलू को पार्टी से रीता बहुगुणा जोशी के विरोध पर हटाना पड़ा था। यह भी कयास है कि यह सीट निषाद पार्टी के पाले में डाल कर बबलू को निषाद पार्टी से चुनाव मैदान में भाजपा उतार सकती है। वह परिसीमन के बाद इस सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले पहले विधायक रहे हैं। रुदौली से सपा ने मित्रसेन यादव की अजेय पैतृक विरासत वाले आनंदसेन यादव परंपरागत मिल्कीपुर सीट के सुरक्षित हो जाने के चलते अब रुदौली से चुनाव लडेंगे। हालांकि अभी तक उनकी अभेद्य दुर्ग की तलाश जारी है। और उनका मुकाबला सबसे सक्रिय और तेजतर्रार विधायक रामचंद्र यादव से है। यही नहीं रामचंद्र भी उनके पिता की ही विरासत से आए हैं। वह उनके पिता मित्रसेन यादव के सबसे विश्वस्त सहयोगी रहे हैं। पुत्रमोह जगने के बाद रामचंद्र का मोहभंग हुआ और उन्होंने रूदौली को कार्यक्षेत्र बना कर वहां के जातीय समीकरण को ध्वस्त कर दिया। यहां से आप ने मनोज मिश्रा को टिकट दिया है। पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद मिल्कीपुर के मैदान में मिल्कीपुर सुरक्षित से सपा ने अपने सबसे विश्वस्त पूर्व मंत्री और निरंतर सोहावल विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके अवधेश प्रसाद को ही बरकरार रखा है। बसपा से कुक्कू पासी मैदान में उतरे जा रहे हैं और आप ने हर्षवर्धन को टिकट दिया है। भाजपा से विधायक गोरखनाथ की दावेदारी तय मानी जा रही है, वैसे भाजपा के पुराने कार्यकर्ता राममोहन भारती ने भी टिकट की दावेदारी नियमों के अनुसार प्रस्तुत की है।

## स्मिता सहाय श्रीवास्तव को मिला जनसेवा योद्धा रत्न सम्मान 2022

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : समाज सेवा में सक्रिय सेवा संगठन सामाजिक सेवा भाव संस्थान के द्वारा आज जनपद की लोहिया भूमि समाचार पत्र ब्यूरो चीफ एवं समाज सेविका श्रीमती स्मिता सहाय श्रीवास्तव को जनसेवा योद्धा रत्न सम्मान देकर संस्था के द्वारा सम्मानित किया गया। संस्था की संस्थापक एवं समाज सेविका अर्चना तिवारी व पंडित अंतरिक्ष जी महाराज के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम मे महिला अधिवक्ता श्रीमती श्वेता राज सिंह,राष्ट्रीयअध्यक्ष अर्चना तिवारी के द्वारा श्रीमती स्मिता सहाय श्रीवास्तव को अंग वस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान पर इष्ट मित्रों व जनपद वासियों ने हर्ष व्यक्त किया है व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। संस्था के संस्थापक श्रीमती तिवारी ने बताया कि स्मिता सहाय को यह सम्मान उनके विशिष्ट कार्यों के लिए जिस प्रकार से वह समाज में रहकर सक्रिय भूमिका निभाते हुए मानवीय कर्तव्य को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाती हैं व गरीबों की मदद करते हुए महिलाओं की सुरक्षा हितों को भी दिलाने का प्रयास करती हैं, यह काफी सराहनीय है। श्रीमती श्रीवास्तव ने इस सम्मान को अपने कार्यकर्ताओं व प्रशंसकों को समर्पित किया है। इस अवसर पर ब्लड मैन आकाश गुप्ता राजेश चौबे आदि लोग उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम मे जनपद के कई लोगों को विभिन्न क्षेत्रों से सम्मानित किया गया।

## अवध विश्वविद्यालय मे 20 जनवरी से होने वाली सभी परीक्षाएं स्थगित

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन ने 20 जनवरी से होने वाली एनईपी–2020 के अन्तर्गत संचालित बीए, बीएससी एवं बीकॉम पाठ्यकमों की प्रथम सेमेस्टर परीक्षा–2022 एवं बैक पेपर परीक्षा–2021 कोविड–19 महामारी के बढ़ते संक्रमण के दृष्टिगत अग्रिम आदेशों तक स्थगित कर दी है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षा समिति के निर्णय के क्रम में कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह के आदेशानुसार बीए, बीएससी एवं बीकॉम पाठ्यकमों की प्रथम सेमेस्टर परीक्षा एवं बैक पेपर परीक्षा को अग्रिम आदेशों तक स्थागित किया है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि कोविड महामारी के बढ़ते संक्रमण के दृष्टिगत विश्वविद्यालय की 20 जनवरी से होने वाली परीक्षा स्थगित कर दी गई है। उक्त परीक्षाओं की नवीन तिथियां परिस्थितियां अनुकूल होने पर विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी जायेगी।

## अयोध्या जनपद में विकास की बहुत सारी योजनाएं सांस्कृतिक धार्मिक राजधानी के रूप में विकसित करने की है–सुनील

अयोध्या संवाददाता डॉ अजय कुमार तिवारी : अधिकार मंच संयोजक भाजपा नेता सुशील जायसवाल ने संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि बहुत तेजी से बदलते हुए अयोध्या जनपद में विकास की बहुत सारी योजनाएं सांस्कृतिक धार्मिक राजधानी के रूप में विकसित करने की है, जिसकी जद में जनपद का व्यापारी एवं जनपद वासी हैं जो पीड़ित भी होंगे और आने वाले समय में विकास का लाभ भी उन्हें प्राप्त होना है परंतु गलत नीतियों एवं योजनाओं से बचाते हुए सही ढंग से योजनाओं और नीतियों का निर्धारण के लिए जनपद में एक सीट पर व्यापारी नेता जो जनपद स्तर पर स्वीकार हो सर्व समाज में जिसकी अपनी पहचान हो जिससे श्री राम तीर्थ क्षेत्र अयोध्या नगर सहित जनपद के व्यापारियों की समस्याओं का आसानी से निदान हो सके , दिया जाए, इस अवसर पर अमानत अली रुदौली एवं जिला अध्यक्ष अरुण गुप्ता इनायत नगर प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए कहा कि यदि योगी जी अयोध्या नगर की सीट पर चुनाव लड़ रहे हैं तो संगठन उन्हें मजबूती से लड़ाने का कार्य करेगा यदि नहीं तो ईमानदार स्वच्छ छवि संघर्षशील नेतृत्वकरर्ता जनपद एवं अयोध्या वासियों के प्रिय हमारे व्यापारी नेता सुशील जायसवाल को अयोध्या नगर से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी बनाएं, जिसका लाभ सभी सीटों सहित आसपास जिले की सीटों पर भी पड़ेगा। जिला प्रभारी कमल कौशल कुमार दिनेश कौशल कुमार गंज ने पिछले 4 महीनों से तोड़फोड़ हो रहे कुमारगंज इनायत नगर सहित अन्य बाजारों में आवागमन का बिना विकल्प दिए सड़कों की खुदाई पर नाराजगी जताई और कहा कि व्यापार व आम जनता पीड़ित है कोई भी सुनवाई किसी स्तर पर नहीं हो रही है इस अवसर पर दशरथ कौशल अचल गुप्ता अयोध्या विनय कसौधन रानी बाजार अजय सिंह हरण टीम गंज श्याम कुमार कौशल बारुण मोहम्मद सिराज प्रवीण रस्तोगी रमेश जायसवाल।

## इस बार चुनाव जनहित और विकास के मुद्दे पर होगा–रीता मौर्य

अयोध्या संवाददाता अमित कुमार मणि त्रिपाठी : अयोध्या विधानसभा से कांग्रेस की संभावित प्रत्याशी रीता मौर्य ने कहा कि हम सब जनहित के मुद्दे पर विकास के मुद्दे पर जनता के बीच जाएंगे और उनसे अपील करेंगे कि आप कांग्रेस की सरकार बनाएं ताकि जनता के जो भी मुद्दे हैं और जिस चीज से जनता वंचित है उसको कांग्रेस पूरा कर सके उन्होंने कहा कि अब जात पात से जनता ऊब चुकी है अब जनता को रोजगार चाहिए , स्वस्थ सुविधा चाहिए ,अच्छी सड़कें चाहिए शिक्षा चाहिए जो उनकी मूलभूत जरूरतें हैं कोई भी सरकार पूरा नहीं कर पा रही है इन्हीं सब मुद्दों के साथ हम जनता के बीच जाकर उनसे कांग्रेस की सरकार बनवाने के लिए निवेदन करेंगे आगे रीता मौर्या ने कहा कि हमारी पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने अपने घोषणापत्र में सभी वर्गों का ख्याल रखा है खासतौर पर महिलाओं को 40% टिकट देकर चुनाव लड़ाने की बात कही है उन्होंने कहा बीजेपी और सपा एक ही सिक्के के दो पहलू हैं दोनों जात पात की राजनीति करके अपने उल्लू सीधा कर रहे हैं लेकिन कांग्रेस ही मात्र ऐसी पार्टी है जो सभी समाज के लोगों और सभी धर्म संप्रदाय को साथ लेकर हमेशा चली है और आगे भी चलेगी।

## विधानसभा चुनाव को लेकर रूदौली में भी छिड़ा महासंग्राम

अयोध्या संवाददाता अमित कुमार मणि त्रिपाठी : विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही रूदौली में भी चुनावी महासंग्राम शुरू हो चुका है।हालांकि इस समय बढ़ते कोरोना के चलते चुनाव आयोग ने रैलियों व सभाओं पर रोक लगाए हुए है।लेकिन शोशल साइडों पर प्रत्याशी व उनके समर्थक अपने नेता की खूबी गिनाने के साथ साथ एक से बढ़कर एक सियासी तीर छोड़ रहे है।रूदौली में इस समय भाजपा के रामचंद्र यादव विगत दस वर्षों से विधायक है।इससे पहले सपा के अब्बास अली जैदी रुश्दी मियां दस वर्ष तक विधायक रहे।इस बार यहां फरवरी माह के अंतिम सप्ताह में वोट पढ़ने है लेकिन अभी तक सपा भाजपा बसपा कांग्रेस दल ने अपने प्रत्यासी के नाम की घोषणा नही की है।सभी दल के प्रत्यासी मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए गांवों की परिक्रमा लगातार कर रहे है।इसी बीच रूदौली में इस बार खुद को निर्दल प्रत्यासी घोषित कर चुके क्षेत्र के प्रतिष्ठित समाजसेवी/उद्योगपति विनोद सिंह भी गरीब व कमजोर वर्ग के लोगों को अपने साथ मे लेकर इस चुनावी समर में कूद पड़े है।जिसको लेकर अन्य दल के प्रत्याशियों में वेचौनी बढ़ गई है।

## कोविड प्रबंधन हेतु गठित उच्चस्तरीय टीम–09 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा–निर्देश

अयोध्या संवाददाता अमित कुमार मणि त्रिपाठी : एग्रेसिव ट्रेसिंग और टेस्टिंग, त्वरित ट्रीटमेंट और तेज टीकाकरण कोविड के प्रसार को रोकने का सबसे महत्वपूर्ण साधन है। यह संतोषजनक है कि हमारा प्रदेश टेस्टिंग और टीकाकरण में अन्य राज्यों के सापेक्ष प्रथम स्थान पर है। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में प्रदेश में अब तक कोविड टीके की 23 करोड़ 15 लाख 37 हजार से अधिक डोज लगाई जा चुकी है। जबकि 09 करोड़ 63 लाख से अधिक टेस्टिंग हो चुकी है। यह देश के किसी एक राज्य में हुआ सर्वाधिक टेस्टिंग–टीकाकरण है। स्वास्थ्यकर्मियों, फ्रंटलाइन वर्करों, निगरानी समितियों, स्थानीय प्रशासन और जिन्होंने तत्परता से टीकाकवर लिया, सभी का अभिनन्दन। प्रदेश में 18 वर्ष से अधिक उम्र के 93.90: लोगों ने टीके की पहली डोज प्राप्त कर ली है, जबकि 59.20: से अधिक लोग कोविड टीके की दोनों डोज ले चुके हैं। विगत दिवस तक 15–17 आयु वर्ग के लगभग 39द किशोरों ने टीका कवर प्राप्त कर लिया है और 04 लाख 09 हजार पात्र लोगों को प्री–कॉशन डोज भी मिल चुकी है। यथाशीघ्र सभी पात्र लोगों का वैक्सीनेशन किया जाए। जिनकी दूसरी डोज बकाया हो, उनकी सूची तैयार कर संपर्क–संवाद बनाएं और टीकाकवर दिलाएं। किशोर टीकाकरण में धीमी गति वाले जिलों से संवाद बनाएं। स्कूलध्कॉलेजों में कैम्प लगाएं। यह संक्रमण कम तीव्रता वाला है, अतः इसके लक्षण दिखने पर सामान्य मरीज होम आइसोलेशन में रहकर चिकित्सक की सलाह से अपना इलाज कर सकता है। विगत 24 घंटों में 02 लाख 16 हजार 152 कोरोना टेस्ट किए गए, जिसमें 15,622 नए कोरोना पॉजिविट पाए गए। इसी अवधि में 12,402 लोग उपचारित होकर कोरोना मुक्त भी हुए। वर्तमान में कुल एक्टिव केस की 01 लाख 06 हजार 616 है। इनमें से 01 लाख 02 हजार 211 लोग घर पर ही उपचाराधीन हैं। बहुत कम संख्या में लोगों को अस्पताल की जरूरत पड़ रही है। यह संक्रमण वायरल फीवर की तरह है। अतः इससे डरने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन सभी एहतियात अवश्य बरते जाएं। आगामी 23 जनवरी को प्रस्तावित शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के सुव्यवस्थित आयोजन के संबंध में पुख्ता तैयारियां कर ली जाएं। कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन हो। हर केंद्र पर मास्क, सैनिटाइजर, इंफ्रारेड थरमामीटर की उपलब्धता होनी चाहिए। परीक्षा केंद्र निर्धारण में संस्थान के पिछले रिकॉर्ड को जरूर देखें। दागीध्संदिग्ध छवि वाले संस्थानों को केंद्र कतई न बनाएं। परीक्षा की शुचिता के दृष्टिगत अपर मुख्य सचिव गृह और एडीजी कानून–व्यवस्था, प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा के साथ जिलाधिकारियों, बेसिक शिक्षा अधिकारियों व परीक्षा आयोजन से जुड़े अन्य अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद कर व्यवस्थाओं की पड़ताल करें। शीतलहर और कोविड को देखते हुए असहाय, निराश्रित लोगों, अकेले रह रहे बुजुर्ग जनों, दिव्यांगजनों पर विशेष ध्यान दिया जाए। रैन बसेरों में समुचित प्रबंध रखे जाएं। पुलिस, राजस्व और नगर विकास और स्वास्थ्य विभाग की टीम इनके समुचित इलाज, भोजन आदि की व्यवस्था जरूर करे। ऐसे व्यक्ति यदि संक्रमित होते हैं तो उनके साथ अतिरिक्त संवेदनशीलता का भाव रखा जाना अपेक्षित है। बारिश, ओलावृष्टि के कारण कुछ जिलों से जन–धन की क्षति होने की सूचना मिली है। राहत विभाग पूरी तत्परता और संवेदनशीलता के साथ प्रभावित लोगों से संपर्क करें। लोगों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाए।

## गांव में लगी कृषि चौपाल : सरकार की योजनाओं को किसानों से किया साझा

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : रूदौली ब्लाक क्षेत्र के ग्राम मीसा में उपकृषि निदेशक अयोध्या डॉक्टर संजय कुमार त्रिपाठी द्वारा किसान चौपाल का आयोजन किया गया।चौपाल में आये हुए किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना,सब मिशन आन एग्रीकल्चर,यंत्रीकरण,पीएम कुसुम योजना,सोलर पम्प,पम्प सेट,बखारी,लपेटा पाइप आदि योजनाओं के बारे में मिलने वाले लाभ के बारे में जानकारी उपलब्धा कराई। श्री त्रिपाठी ने किसानों को जैव उर्वरक,नीम आयल के विभिन्न उपयोग के बारे में बताया साथ ही गहरी जुताई के साथ फसल प्रबंधान,पराली प्रबंधन पर किसानों को जानकारी दी उपकृषि निदेशक द्वारा दी गई जानकारी से किसानों के बीच हर्ष का माहौल रहा।चौपाल में जनपद सलाहकार राजपाल यादव,बीज गोदाम प्रभारी अनिल कुमार गौड़,कृषि रक्षा इकाई प्रभारी राम सुरेश,हंसराज,ओम प्रकाश,अमरेश,जंग बहादुर सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## शराब पीकर उत्पात मचाने पर दो युवकों का चालान

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : मवई थाना क्षेत्र के ग्राम सेवढ़ारा में शराब पीकर उत्पात मचाना दो युवकों को महंगा पड़ा।पुलिस ने दोनों युवकों को पकड़ कर शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया।प्रभारी निरीक्षक मवई नीरज सिंह ने बताया कि ग्राम सेवढ़ारा में सुग्गू पुत्र शिव शरण तथा राम चन्द्र पुत्र चन्द्रपाल शराब पीकर गांव में उत्पात मचा रहे थे जिससे शांति व्यवस्था भंग होने का अंदेशा हो गया था।इसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गयी।उपनिरीक्षक कर्मवीर सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच कर उत्पात कर रहे सुग्गू तथा राम चन्द्र को पकड़ कर थाने ले आये।प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दोनों को शांति भंग की आशंका में धारा 151 के तहत चालान कर दिया गया।

## सुभाष चन्द्र बोस राष्ट्रीय विचार केन्द्र नें कुष्ठ आश्रम में किया अन्नदान

अयोध्या संवाददाता डॉ अजय कुमार तिवारी : नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर सुभाष चन्द्र बोस राष्ट्रीय विचार केन्द्र की ओर से जयंती सप्ताह का आरंभ सोमवार को कुष्ठ आश्रम में अन्नदान से किया गया। विचार केन्द्र द्वारा विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी इस पुनीत अवसर पर सामाजिक सरोकार और जन कल्याण के कार्यक्रम की एक सप्ताह की श्रृंखला का अयोजन कर रहा है, जिसका समापन 23 जनवरी को नेताजी के जन्मदिन के अवसर पर चौक घण्टाघार से रिकाबगंज होते हुये नगर निगम कार्यालय तक निकलने वाले नेताजी सम्मान मार्च से होता है। इस अवसर पर केन्द्र के अध्यक्ष शाक्ति सिंह ने कहा कि नेता जी का जीवन राष्ट्र के लिए समार्पित था। उन्होनें अपना सब कुछ देश की आजादी के लिए न्यौछावर कर दिया था। आज हम सभी उन्हें श्रद्धा से याद करते है। उनकी जन कल्याण की भावना को समार्पित ये आयोजन इसलिए केन्द्र आयोजित करता है, ताकि देश की भावी पीढी उनके जीवन के उददेश्य से परिचित हो और प्रेरणा ले सकें। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता अदित्य नारायण मिश्र, डा0 राकेश वशिष्ठ, विशंभर सिंह, डा0 शैलेन्द्र विक्रम सिंह, केशव बिगुलर, सुप्रीत कपूर आदि गणमान्य बन्धु उपस्थित रहे।

## युवा उड़ा रहे कोरोना प्रॉटोकॉल की धज्जियां

अलीगढ़ ब्यूरो : जिले में कोरोना पैर पसार रहा है। तीसरी लहर में सबसे ज्यादा संक्रमित युवा हो रहे हैं। बावजूद इसके वह कोरोना प्रॉटोकॉल का पालन नहीं कर रहे हैं। सोमवार को शहर के मार्गों पर कुछ इसी तरह के हालात देखने को मिले। अगर युवाओं में संक्रमण



बढ़ा तो इससे अन्य आयु वर्ग के लोगों को भी खतरा बना हुआ है। जिले में युवाओं में कोरोना संक्रमण को लेकर अभी जागरूकता कम है। जिले में कोरोना संक्रमित लोगों की सूची 1500 के पार हो गई है। जिसमें लगभग 700 युवा शामिल हैं। सोमवार को शहर के प्रमुख मार्ग रामघाट रोड, सेंटर प्वाइंट, मीनाक्षी पुल, रेलवे रोड, सासनी गेट, जीटी रोड आदि जगहों पर युवाओं को (18 से 45 वर्ष आयु वर्ग) बिना मास्क लगाये व सामाजिक दूरी पालन नहीं करते हुए देखा गया। कुछ युवा दो पहिया वाहनों पर भी बिना मास्क लगाए फर्राटा भर रहे थे। युवाओं की सबसे अधिक भीड़ चाय–कॉफी, फास्ट फूड कॉर्नर पर देखी गई। जहां युवा कोरोना प्रॉटोकॉल का उल्लंघन करते देखे गए। शासन प्रशासन द्वारा आदेश जारी होने के बाद भी यह नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। ऐसे में अगर युवा जागरूक नहीं हुए, तो जिले में संक्रमण का खतरा और भी बढ़ सकता है।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से मैं0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।